राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

फैटी लिवर को ठीक करने में मददगार हैं ये 5 ...8

दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
रविवार, 07 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 10 अंकः 136 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया
लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

कर्नाटक में मोदी का सीधा वार, पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी कांग्रेस

ANI

बंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार भाजपा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आज उन्होंने बादामी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी। वो तुष्टिकरण, तालाबंदी और गाली को ही चुनावी मुद्दा बनाएगी। मोदी ने कहा कि तुष्टिकरण वोटबैंक का, तालाबंदी बीजेपी की गरीब कल्याण नीतियों पर, गाली व्ठ्ठ और लिंगायत समाज को... कांग्रेस की इस कूटनीति से पूरा कर्नाटक नाराज है। उन्होंने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि सिद्धारमैया जी यहां कह रहे हैं कि पिछले 3.5 साल में यहां जो विकास हुआ है वो उन्होंने कराया है। उनका ये वाक्य अपने आप में बता रहा है कि काम अगर कोई करता है तो डबल इंजन की सरकार काम करती है और बिना किसी भेदभाव के करती है। मोदी ने कहा कि हालांकि सिद्धारमैया समझ चुके हैं कि आपके क्षेत्र में कोशिश करना उनके लिए व्यर्थ है, लेकिन कभी आप उनसे मिलें तो उनसे पूछें कि यहां के लोग पहले बुनियादी सुविधाओं से वंचित क्यों थे? उनके जीवन में कोई विकास और परिवर्तन क्यों नहीं हुआ? उन्होंने कहा कि 2014 से पहले, डेटा इंटरनेट की लागत लगभग रु. 300 प्रति जीबी। आज यह घटकर 10 रुपये प्रति जीबी के आसपास रह गया है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने देश में एक मजबूत कनेक्टिविटी और बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस का ये कौन सा पंजा है जो 1 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है? प्रदानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के इन्हीं कुकर्मों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा बना रहा। जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने बरसों के शासन में मजबूत किया अब बीजेपी उन्हीं बीमारियों का परमानेंट इलाज कर रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा संस्कृति और विरासत के संरक्षण के लिए समर्पित है। मोदी ने कहा कि हम देश में विभिन्न पर्यटन सर्किटों के निर्माण और मजबूती के लिए काम कर रहे हैंय यह रोजगार के अपार अवसरों के सृजन को जन्म दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक सरकार, जो भ्रष्ट गतिविधियां करती रहती है, केंद्र से लड़ती रहती है, कोई विकास सुनिश्चित नहीं कर सकती है, कोई समृद्धि सुनिश्चित नहीं कर सकती है।

मणिपुर हिंसा को किरेन रिजिजू ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण घटना

कहा:केंद्र की ओर से सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे

ANI

नई दिल्ली। मणिपुर हिंसा को लेकर सरकार सख्ती से कदम उठा रही है। पिछले तीन दिनों से राज्य में कई जगहों पर तलाव की स्थिथि है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का भी बयान सामने आया है। किरेन रिजिजू ने पूरी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में जो हिंसा हुई है उसके लिए भारत सरकार और गृह मंत्रालय की तरफ से सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। जब दो समुदाय के बीच में इस तरह की घटनाएं होती हैं तो बहुत दुख होता है। उन्होंने कहा कि हम अपने समाज को शांति से ही आगे ले जा सकते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि मणिपुर में मरने वालों की संख्या बढ़कर 54 हो गई। इंफाल घाटी में शनिवार को दुकानें और बाजार फिर से खुलने और सड़कों पर कारों के चलने से जनजीवन सामान्य होता दिख रहा है। इंफाल शहर और अन्य जगहों पर सुबह ज्यादातर दुकानें और बाजार खुले और लोगों ने सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीदीं, हालांकि बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। राज्य में पिछले 48 घंटों के दौरान हुई हिंसा पर काबू पाने एवं शांति कायम करने के लिए पड़ोसी राज्यों से सड़क और हवाई मार्ग से अधिक बल भेजे गए हैं। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कुल 13,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कुछ लोगों को सेना के शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया है जबकि सेना ने चुराचांदपुर, मोरेह, काकचिंग और कांगपोकपी जिलों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। हाालंकि, घाटी के आसपास के विभिन्न पहाड़ी जिलों से सुबह के समय उग्रवादी समूहों और सुरक्षा बलों के बीच रुक–रुक कर गोलीबारी की खबरें भी आती रहीं, लेकिन शांति की स्थिति बनी हुई है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और शीर्ष अधिकारियों के साथ मिलकर मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि केन्द्र सरकार ने राज्य में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल और दंगा–रोधी वाहन भेजे हैं। शाह मणिपुर की स्थिति पर करीब से नजर बनाए हुए हैं और राज्य तथा केन्द्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे दिन लगातार संपर्क में रहे।

कांग्रेस ने सालों तक भगवान राम को ताले में बंद कर रखा: शाह

लेकिन पीएम मोदी ने किया मंदिर का शिलान्यास

ANI

बंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार लगातार जारी है। आज केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह कर्नाटक के बेलगावी में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने यहां किसानों के लिए काम किया है। हमने किसानों को कई फायदे दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सावरकर का अपमान किया। लेकिन बीजेपी ने मराठों का विकास किया और उनका सम्मान किया। शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर भगवान राम भक्तों के सपनों को पूरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सालों तक भगवान राम को ताले में बंद कर रखा लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने राम मंदिर का शिलान्यास किया।

भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग बली का अपमान किया, इसके अलावा उनका एक बड़ा नेता बोलता है कि बजरंग बली की जन्मतिथि क्या है, आपके पास सर्टिफिकेट है? शाह ने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस बार बार सावरकर जी का अपमान करती है। इनको इतिहास मालूम नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा, आप दस जन्म जिंदा रहोगे तो भी सावरकर जी के बलिदान के दसवें भाग जितना भी नहीं कर पाओगे। आपको बता दें कि हाल में संसद की सदस्यता खत्म होने को लेकर जब राहुल गांधी से सवाल पूछा गया था तो उन्होंने कहा कि मैं सावरकर नहीं हूं, गांधी हूं और गांधी कभी माफी नहीं मांगते।

अमित शाह ने दावा किया कि 13 मई को बीजेपी पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि आप सभी ने पिछले चुनावों में यह संभव किया होता, तो आपके राज्य को कांग्रेस और जद(एस) के नापाक गठबंधन की पीड़ा नहीं झेलनी पड़ती। उन्होंने लोगों से कहा कि हमें पूर्ण बहुमत की सरकार दीजिए... उत्तर कर्नाटक को कर्नाटक का सबसे विकसित भाग बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उत्तर कर्नाटक के किसानों के साथ अन्याय किया। जब भी कांग्रेस सरकार आई इन्होने किसानों पर गोलियां चलाई... लाठियां चलाई। आज हमारी डबल इंजन की सरकार हर साल 10,000 रुपया किसानों के अकाउंट में डाल रही है।

जम्मू–कश्मीर के बारामूला में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने कहा जम्मू–कश्मीर के बारामुला में शनिवार तड़के सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी मारा गया। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने कहा कि शनिवार तड़के जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के कुंजर इलाके में सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ के बाद एक आतंकवादी मारा गया। करहामा कुंजर गांव में दो आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष इनपुट मिलने के बाद उत्तरी कश्मीर में सुरक्षा बल हरकत में आ गए। सुरक्षाबलों ने गांव की घेराबंदी कर दी है और तलाशी अभियान जारी है। एसएसपी बारामुला, आमोद अशोक नागपुरे ने कहा कि मुठभेड़ में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया है। कुछ संदिग्ध गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। एक घेरा और तलाशी अभियान चलाया गया और उस दौरान हमारी ओर फायरिंग की गई और जवाबी फायरिंग में लश्कर का एक आतंकवादी मारा गया है।

सावधान! आ रहा है साल का पहला चक्रवात, कहां–कहां दिखेगा प्रभाव, जानिए

गर्मियों के दौरान आंध्र प्रदेश की जलवायु बदल गई है। धूप के अलावा.. झमाझम बारिश हो रही है। कुछ दिनों से रुक–रुक कर बारिश हो रही है। लेकिन अब राज्य पर आंधी का खतरा मंडरा रहा है। इसको लेकर मौसम विज्ञान विभाग और आपदा प्रबंधन संगठन ने अलर्ट कर दिया है। इसको लेकर मौसम विज्ञान विभाग और आपदा प्रबंधन संगठन ने अलर्ट कर दिया है. आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, शनिवार को दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान बनेगा। इसके प्रभाव से रविवार को भी इसी क्षेत्र में निम्न दबाव बनने की संभावना है। सोमवार तक इसके आंधी बनने और फिर उत्तर की ओर बढ़ने और तूफान बनने की संभावना है। कहा जा रहा है कि इस तूफान के बांग्लादेश और म्यांमार के तटों की ओर जाने की संभावना है। वर्तमान जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश को कोई खतरा नहीं हो सकता है।कम दबाव बनने के बाद आईएमडी की जानकारी के अनुसार अन्य विवरण दिया जाएगा। बहरहाल, आपदा प्रबंधन एजेंसी ने बताया कि कम दबाव बनने से सभी जिला अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है। मछुआरों को रविवार से शिकार पर नहीं जाने और शिकार पर जाने वालों को शनिवार तक वापस आने को कहा गया। राज्य नियंत्रण कक्ष के नंबर 1070, 112, 18004250101, जो 24 घंटे उपलब्ध हैं, आपातकालीन सहायता और जानकारी के लिए संपर्क किया जाना चाहिए। किसानों को कृषि कार्य में उचित उपाय करने की सलाह दी जाती है। लोगों को सलाह दी जाती है कि आंधी के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न हों।

पाकिस्तान लौटते ही बिलावल ने अपना रंग दिखाना किया शुरू

भारत पर लगाया मुस्लिमों से भेदभाव का आरोप

नई दिल्ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी भारत में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के बाद वापस अपने वतन लौट चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान पहुंचते ही एक बार फिर से उन्होंने भारत के खिलाफ अपना जहर उगलना शुरू कर दिया है। बिलावल भुट्टो ने अपनी इस यात्रा को एक सफलता बताया है। इसके अलावा उन्होने कहा कि भारत और रास तौर पर बीजेपी एक प्रोपेगेंडा चला रही है कि हर मुसलमान आतंकी है उसे नकार दिया गया है। कराची में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरसएसएस दुनिया में मुस्लिमों और हर पाकिस्तानी को आतंकी साबित करना चाहती है। हमारी ये यात्रा इस दावे को खारिज कर रही है। बता दें कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो–जरदारी ने आतंकवाद से निपटने के लिए एससीओ द्वारा सामूहिक दृष्टिकोण अपनाने और 'कूटनीतिक फायदे के लिए आतंकवाद को हथियार''के तौर पर इस्तेमाल नहीं करने का शुक्रवार को आह्वान किया। गोवा में भारत द्वारा आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में बिलावल की टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि सीमा पार आतंकवाद सहित सभी तरह के आतंकवाद को रोका जाना चाहिए।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
में सरकारी विज्ञापन, निविदा, अदालती नोटिस, सम्मान, सूचना, टेंडर प्रकाशन के लिए आज ही सम्पर्क करें।
सभी जनपदों से आवश्यकता है पत्रकारों की
सम्पादकः– दैनिक बुद्ध का संदेश
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

टीपू सुल्तान के परिवार के सदस्य हैं डीके शिवकुमार

हिमंत बिस्वा सरमा बोले: अगर कर्नाटक में सत्ता में आई कांग्रेस तो

ANI

गोनिकोप्पा। कर्नाटक चुनाव को लेकर प्रचार जारी है। कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगा रही है। भाजपा भी सत्ता वापसी के लिए जबरदस्त प्रचार कर रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी लगातार राज्य में प्रचार कर रहे हैं। आज उन्होंने कर्नाटक के गोनिकोप्पा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डीके शिवकुमार टीपू सुल्तान के परिवार के सदस्य हैं। अगर कांग्रेस फिर से सत्ता में आएगी, तो कर्नाटक पीएफआई घाटी बन जाएगा। दरअसल, कर्नाटक में पीएफआई को लेकर राजनीतिक घमासान जारी है। कर्नाटक कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए हिमंता ने साफ तौर पर कहा कि वे टीपू सुल्तान के परिवार के सदस्य हैं। हिमंता ने कहा कि मैं असम से आया हूं, असम पर मुगलों ने 17 बार अटैक किया था। लेकिन वे हमे हराने में कामयाब नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि मैं पवित्र भूमि को नमन करता हूं कि यहां को लोगों ने भी टीपू सुल्तान को बार–बार हराया था। 80 हजार लोगों ने कुर्बानी दी थी। आज सिद्दारमैया बोलते है कि हम टीपू सुल्तान की जयंती मनाएंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि टीपू सुल्तान की जयंती मनाना है तो पाकिस्तान या बंग्लादेश में मनाओं। यह भारत में नहीं हो सकता। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कांग्रेस फिर से सत्ता में आएगी, तो कर्नाटक पीएफआई घाटी बन जाएगा। भाजपा आएगी तो सबका साथ सबका विकास होगा। इससे पहले हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि जब बीबीसी ने पीएम मोदी पर झूठी फिल्म बनाई तो कांग्रेस ने कहा कि इसे बैन मत करो और आज जब श्द केरला स्टोरीश रिलीज होने वाली है तो कांग्रेस कह रही है कि इसे बैन करो। यह तुष्टिकरण की राजनीति है। एक और बार उन्होंने कहा था कि मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस कुछ कर सकती है। किसी को यह ख्याल नहीं रखना चाहिए कि कांग्रेस सत्ता में आएगी। कांग्रेस अगले 100 साल तक नहीं जीत पाएगी।

शादी की खुशियां गम में बदली 20 वर्षीय बालिका की दर्दनाक मौत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। घर में शादी की तैयारी चल रही थी। परिवार के लोग शादी की तैयारी में व्यस्त थे। शादी के लिए कपड़े बारातियों को खिलाने के लिए सामान खरीदे जा रहे थे। इन्हीं तैयारियों के बीच जिसके शादी की तैयारी चल रही थी। वह पल भर में परलोक चली गई। जिससे शादी की खुशियां गम में बदल गई।एक 20 वर्षीय बालिका की ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी तीन सहेलियां घायल हो गई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सही घायल बालिकाएं खतरे से बाहर बताई जा रही है।गोंडा जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र के फैजाबाद बाईपास की रहने वाली 4 लड़कियां अपने घर से बाबा शकूरुउद्दीन मजार पर गई थी। घर वापस लौटते समय टेंपो से उतर कर किराया देने लगी। इसी बीच तेज रफ्तार से पहुंचे अनियंत्रित ट्रक ने एक बालिका को रौंद डाला। तथा ट्रक की चपेट में आकर उसकी तीन और बहने घायल हो गई। एक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन अन्य सहेलियां घायल हो गई। घायल लड़कियों को इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है। घायल लड़कियां खतरे से बाहर बताई जा रही हैं।घर में चल रही थी शादी की तैयारी ट्रक की चपेट में आने से शिव कुमारी 20 वर्ष की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना उस समय घटी जब शिवकुमारी टेंपो से उतरकर चालक को किराया दे रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अनियंत्रित ट्रक ने किराया देते समय शिवकुमारी को रौंद डाला जिससे घटनास्थल पर ही शिवकुमारी की दर्दनाक मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के फैजाबाद बाईपास पर ट्रक की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। एसपी ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

डीएम के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिये

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। जिलाधिकारी डॉक्टर उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जल जीवन मिशन से चल रही समस्त परियोजनाओं पर विस्तृत रूप से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यदायी संस्था एलएनटी व लोक सेवा मिशन तथा आईएसए को कड़े निर्देश देते हुए निर्देश दिये हैं कि कार्यों में और तेजी लायी जाय। उन्होंने कहा है कि सभी परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चल रही निर्माणाधीन परियोजनाओं के प्रगति के संबंध में समय–समय पर उन्हें भी अवगत कराएं। बैठक में एक्सईएन जल निगम व एलएनटी के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी कार्यों का विभाजन करके संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाय तथा समय–समय पर कार्यों के प्रगति की उनसे जानकारी ली जाय। बैठक में विभाग द्वारा कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदाई संस्था एलएनटी को और मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपद में जल जीवन मिशन का कार्य शत–प्रतिशत समय से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सरकार की महात्वाकांक्षी योजना है इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कार्यदायी संस्था को निर्देश देते हुए कहा है कि कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रतिदिन संबंधित अधिकारी को उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मोली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी लाल जी दूबे, एक्सईएन जल निगम गणेश प्रसाद, एई जल जीवन मिशन, एलएनटी व लोक सेवा मिशन, आईएसए आदि कार्यदायी संस्था, एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने आक्रोषित होकर धरना स्थल से पुलिस चौकी के सामने बैठे

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले प्रदेश सचिव किसन विहारी वर्मा के नेतृत्व मे विकास खण्ड बभनजोत मे 13 सूत्रीय मांग को लेकर पुनः धरना अनावरत धरना जारी हैं जिसमे जिला अध्यक्ष गोण्डा बंस राज वर्मा ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन 13 सूत्रीय मांग को लेकर 6 मार्च 20023 को विकास खण्ड परिसर बभनजोत मे शुरू हुवा था जोकि उप जिला अधिकारी मनकापुर के द्वारा 13 मार्च को धरना स्थल पर उपस्थित होकर समस्या समाधान के आश्वासन पर 29 मार्च तक के लिए यूनियन द्वारा धरना स्थगित किया गया था लेकिन जब निधारित अवधि तक समस्या का समाधान नहीं किया गया जिसमे एक बिंदु खघ्ड़ंजा लगवाने के मामले मे केवल मिट्टी की पटाई उप जिलाअधिकारी मनकापुर द्वारा किया गया हैं इन मांगो के न पूरा होने पर पुनः उसी बिंदुवो को लेकर 30 मार्च से धरना अनवरत जारी हैं धरने के 38 वें दिन धरना का जायजा लेने राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा एवं राम किशोर पटेल वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, अनूप चौधरी पूर्वांचल अध्यक्ष, पूर्वांचल उपाध्यक्ष शेष राम ठाकुर ने धरना स्थल पर पहुंचकर धरने का जायजा लिया उसके बाद किसी प्रशानिक अधिकारी एवं कर्मचारी के धरना स्थल पर न पहुंचने पर आक्रोषित यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस चौकी के सामने बैठ गए फिर प्रभारी निरीक्षक खोड़ारे राम सुरेश वर्मा ने पुलिस चौकी पर पहुंच कर वार्ता लाप कर आक्रोश को शांत कर पुनः पदाधिकारियों को वापस धरना स्थल पर लाए। प्रदेश सचिव किसन बिहारी वर्मा ने बताया कि आज हम लोगो का वार्ता विफल रहा और 21 मई तक समस्या निदान के लिए संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी को अल्टीमेटम देकर धरना जारी रहने का निर्णय लिया गया हैं जिसमे 18 बिन्दुओ पर हमारी मांगे हैं। इस अवसर पर बलरामपुर जिलाध्यक्ष तिलक राम वर्मा, श्रा बस्ती जिलाध्यक्ष राम स्वरूप वर्मा, बँशराज वर्मा जिलाध्यक्ष गोण्डा, हिर्दय राम वर्मा देवीपाटन मंडल मंडल अध्यक्ष उदय राम वर्मा मंडल अध्यक्ष बस्ती सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

दुर्जनपुर में आयोजित की गई मृदा परीक्षण अभियान कार्यक्रम, र्जनों किसानों ने लिया भाग

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोण्डा। दुर्जनपुर के विकास खण्ड वजीरगंज में मृदा परीक्षण अभियान का आयोजित किया,जिसकी अध्यक्षता वीरेंद्र विक्रम पांडेय प्रबंधक परमहस विद्यालय्य ने किया।कार्यक्रम मे 75 किसानो ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में भी किसानों का स्वागत करते हुए डा, डी के सि ह, इफको मुख्य प्रबंधक गोण्डा ने नैनो डीएपी, नैनो यूरिया, लिक्विड कंशोर्टिया, सागरिका,जल विलेय उर्वरक का महत्व व इनकी उपयोग विधि तथा इनसे होने वाले लाभ के बारे में बताया साथ ही कृषकों को मिट्टी परीक्षण का महत्व तथा मिट्टी नमूना ग्रहण करने की विधि की जानकारी देने के पश्चात किसान के खेत से मृदा नमूना ग्रहित करके दिखाया। मि.श्याम सुंदर मौर्या, नकछेद मिश्रा, श्याम दत्त शुक्ला, गोमती दुबे, राज चौहनन, प्रदीप, विजय दुबे इत्यादि ने कार्यक्रम के आयोजन मे सहयोग प्रदान किया।

मृदा परीक्षण अभियान

पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज के बच्चों ने लहराया परचम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बलरामपुर। बलरामपुर जनपद के सदर विधानसभा में स्थित पब्लिक सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज अगरहवा के बच्चों ने इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा फल पर अपनी धाक जमाई जिस में सबसे आगे बालिकाओं ने स्थान बनाया विद्यालय प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ला ने बताया कि हमारा विद्यालय ग्रामीण अंचल में शिक्षा की रोशनी फैला रहा है जिसमें वर्ष 2023 के परीक्षा फल के परिणाम में हमारे विद्यालय के 10 बच्चों ने सर्वोच्च प्रदर्शन किया जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योति वर्मा 90: अंक प्राप्त किया दूसरे स्थान पर अंशिका जायसवाल ने85.83: और इसी क्रम ने स्मिता सिंह 85:,स्तुति मिश्रा ने 83.16:, अभिषेक शुक्ला ने83.33,निधि ने 79.66: रागिनी ने 79.16रूसंध्या जायसवाल 79: साक्षी यादव ने 77: और सूर्य भान यादव ने 75: अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

सांसद हरीश द्विवेदी ने प्रचार वाहन को झंडा दिखाकर किया रवाना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पालिका परिषद चुनाव में पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के लिए शनिवार को भाजपा के प्रचार वाहन को सांसद हरीश द्विवेदी एवं अन्य पदाधिकारियों ने झंडा दिखाकर रवाना किया। चुनाव में प्रचार–प्रसार के लिए तीन वाहनों को चुनाव कार्यालय मालवीय रोड से रवाना किया गया। इस दौरान सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि नगर क्षेत्र के प्रत्याशी सीमा खरे को जीत दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरे मनोयोग से लगना होगा। कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को लेकर लोगों के बीच जाना होगा। भाजपा की सरकार हर वर्ग व समुदाय के लिए जिस जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है। उसको लोगों के बीच लाना होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भाजपा की ट्रिपल ईंजन यानी नगर पालिका परिषद में भी अपनी सरकार बनानी होगी। तभी असल विकास संभव हो सकेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जैसा विकास हो रहा है, उसे और गति देने के लिए नगरपालिकाओं में भी लोगों को भाजपा प्रत्याशियों को जिताना होगा। इस मौके पर अनूप खरे, राजेन्द्र गौड़, प्रमोद पाण्डेय, कौशलेन्द्र पाण्डेय, प्रभाकर मणि त्रिपाठी, विनय यादव, सुनील चौधरी, अमित चौधरी, राघवेन्द्र कुमार सिंह, सूरज श्रीवास्तव, पंकज मिश्रा, विकास सिंह रहे मौजूद।

मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटियाथोक,गोंडा। इटियाथोक क्षेत्र के सदाशिव इंटर कॉलेज मैं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को कालेज प्रबंधन की तरफ से सम्मानित किया गया आपको बता दें सदाशिव इंटर कॉलेज के हाई स्कूल के छात्र इंद्रेश धर द्विवेदी 88.83अंक प्राप्त किया इसी तरह कई छात्रों लक्ष्मी गौतम गायत्री देवी मोहित वर्मा मीनाक्षी देवी राजकुमार नीलू देवी राहुल वर्मा व धनंजय ने भी 80: अंक हासिल किया वही इंटरमीडिएट में अमन शुक्ला आफरीन अंजलि अभिषेक विवेक सचिन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किया इन सभी छात्र छात्राओं को प्रबंध तंत्र की तरफ से सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लन तिवारी, प्रबंधक शत्रुघ्न द्विवेदी, प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अपराध निरीक्षक रामप्रकाश यादव सहित कई शिक्षक गण अभिभावक मौजूद रहे।

अलीगंज थाना क्षेत्र में देर रात पल्सर सवार लूटेरे ने किया लूट का प्रयास

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ । स्कूटी के पीछे पति संग बैठ कर घर जा रही महिला से पल्सर सवार लूटेरे ने पर्स छीनने का किया प्रयास।पर्स छीनते वक्त स्कूटी सवार पति पत्नी व 11 माह का मासूम सड़क पर गिरे लूट में असफल पल्सर सवार लुटेरा हुआ फरार।सड़क पर गिर कर पत्नी व मासूम के आई गम्भीर चोटें पत्नी व मासूम अस्पताल में भर्ती पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर,पुलिस **CCTV** के आधार पर पल्सर सवार लूटेरे की तलाश में जुटी।

11 ग्रामीण व 8 शहरी अस्पतालों में रेबीज इंजेक्शन लगाने की सुविधा उपलब्ध

लखनऊ। राजधानी में जिस तरह से स्ट्रीट डॉग का दायरा बढ़ रहा है इससे सड़कों पर आने जाने वालोंके लिए जान का खतरा बन गये हैं। अभी हाल ही में नगर निगम द्वारा स्ट्रीट डॉग को बधिया करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमेंविभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट डॉग को पकड़कर उन्हें बधिया करने के बाद उसी स्थान पर छोड़ दिया गया। फिर भी इनकी जनसंख्या लगातार बढ़ती ही गयी आज नतीजा यह हो गया कि राहगीरों के लिए मुसीबत बन गये है जिससे स्ट्रीट डॉग सड़कों दौड़ा–दौड़ा कर काटने का प्रयास करते है जिसमेंअधिकांश लोग अपनी गाड़ी की ओवर स्पीड करके अपने को बचाने प्रयास करते है ऐसी स्थिति वाहन चालक दुर्घटना शिकार हो जाते हैं। इस पर नगर वासियों पर बहुत सारे सवाल भी उठाये कि स्ट्रीट डॉग को बधिया किया गया फिर भी सड़कों पर स्ट्रीट डॉग की जनसंख्या कम नही हो रही है। वहीं स्ट्रीट डॉग की संख्या कम करने के लिए नगर निगम ने करोड़ों रूपये भी खर्च किए और स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे स्थिति में रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए यह सुविधा स्वास्थ्य विभाग द्वारा कहां पर दी जा रही है जानें कुत्ता काटने के उपरांत रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के बारे में शहरी व ग्रामीण संयुक्त चिकित्सालयों में लोगों को रेबीज के इंजेक्शन लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है। शनिवार को जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जिले मेंरेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए टीबी अस्पताल ठाकु रगंज ,महानगर के भाऊराव देवरस,हजरतगंज के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित 8 नगरीय 11ग्रामीण संयुक्त चिकित्सालयों में रेबीज के इंजेक्शन लगाये जाते है और इसके अलावा केजीएमयू, एसजीपीजीआई,डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में यह सुविधा दी जा रही है।

आज प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। नगर पालिका चुनाव में सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक कल बस्ती में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करने आ रहे हैं। वह नगर पालिका क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग सहित नए मतदाताओ को संबोधित करेंगे। जिसको लेकर बादशाह मैरिज हाल में तैयारियां पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम प्रभारी अमृत कुमार वर्मा ने बताया कि रविवार को दिन में 12.00 बजे उपमुख्यमंत्री नगर पालिका क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग एवं नये मतदाताओ को संबोधित करेंगे इसको लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हेलीकॉप्टर द्वारा बस्ती आएंगे। राजकीय इंटर कॉलेज में लैंडिंग के लिए व्यवस्थाएं पूरी हो चुकी है। कर द्वारा मालवीय रोड रौता चौराहा स्थित बादशाह मैरेज हाल संबोधित करेंगे।

नगर पालिका परिषद बांसी के लिए भाजपा प्रत्याशी ने खोला घोषणाओं का पिटारा

चिकित्सा, धर्मशाला,टैक्सी स्टैंड सहित 24 बिंदुओं को किया गया समाहित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बांसी,सिद्धार्थनगर। आदर्श नगर पंचायत बांसी के लिए आज 06 अप्रैल को अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पूनम जायसवाल के द्वारा अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया गया है। घोषणापत्र में शामिल 24 घोषणाओं में की महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल किए गए हैं। इनमें टैम्पू चालकों के लिए स्टैंड पर स्वच्छ जल व शौचालय की व्यवस्था, ई रिक्शा चालकों के लिए चार्जिंग स्थल की व्यवस्था, वृद्धा विकलांग व अनाथ बच्चों के लिए आश्रम बनाने, पालिका के 05 वार्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भगवान चित्रगुप्त, परशुराम, विश्वकर्मा व महराज जी के मूर्ति की स्थापना, निरू शुल्क एंबुलेंस, युवाओं के लिए मिनी आउटडोर इनडोर स्टेडियम, बालिका इंटर कालेज, व्यापार मंडल भवन, प्रेस क्लब भवन, कम्प्यूटर, सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन प्रशिक्षण योजना की स्थापना, जल निकासी हेतु नई सीवर लाइन योजना को लागू करना, श्मशान घाट और बैकुंठ धाम पर शिव जी की बड़ी प्रतिमा लगाना, यात्री धर्मशाला व रैन बसेरा बनवाना, स्वच्छ पेय जल योजना लागू करना, चंद्रशेखर आजाद और भगतसिंह की आदमकद प्रतिमा, जनता चौपाल, मांस मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करना, पुराने पुल मार्ग का मरम्मत, मूर्ति विसर्जन का समुचित व्यवस्था, लाश रखने के लिए डेड फ्रीजर,मेला मैदान में राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का आदमकद प्रतिमा लगवाना। नगर पालिका में आ रहे धन को पारदर्शिता पूर्वक लागू करने या भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी बात को घोषणापत्र में जगह नहीं दिया गया है। इस बारे में सामाजिक कार्यकर्ता शनि जायसवाल ने कहा कि कुछ बातें कहा नहीं किया जाता है यहां योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता बनी रहेगी।

जनपद सिद्धार्थनगर में जिला प्रशासन के तत्वाधान में “एन.जी.ओ. बैठक संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। नीति आयोग के एसपीरेशनल डिस्ट्रिक्ट कोलैबोरेटिव कार्यक्रम के तहत जनपद में बैठक की गई। नीति आयोग और जिला प्रशासन की सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत सभी स्थानीय गैर सरकारी संगठनों के साथ संयुक्त संगठन बैठक मुख्य विकास अधिकारी के अध्यक्षता मे आयोजित हुई, बैठक का संचालन नीति आयोग के नोडल एवं जिला संख्यकी अधिकारी के द्वारा किया गया, बैठक के दौरान सभी गैर सरकारी संस्थाओं ने अपने कार्य क्षेत्र और कार्य करने में आ रही बाधाओं एवं साथ ही जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए अपने श्रेष्ठ प्रयासों के बारे में बताया। इन सभी संस्थाओं को "संयुक्त संगठन" के तौर पर कार्य करने के लिए मंच प्रदान किया गया है इस कार्यशाला में आकांक्षी जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यरत 23 संस्थाएं उपस्थित रही। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सभी संस्थाओं को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन एंव नीति आयोग के कार्यक्रमों में सहभागी संस्था के रूप में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा करते हुए संस्थाओं द्वारा अब तक किये गए कार्यों की सराहना की और प्रेरित करते हुए कहा की आप सभी संस्थाएं समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु जो भी कार्य कर रही है उनसे हमें समय समय पर जरूर अवगत कराते रहे और साथ प्रत्येक तीन माह में आवश्यक रूप से इसी प्रकार जिला प्रशासन और पिरामल फाउंडेशन द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठक में सम्मिलित होते रहे। इस दौरान स्वाभिमान समिति, गौतम बुद्ध जागृति सेवा समिति, प्लान इंडिया, इस्माइल फाउंडेशन एवं पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीड सत्येन्द्र सिंह, फैजान, ब्लाक लीड कृष्णकांत भाष्कर, प्रीती गौतम आदि लोग मौजूद रही।

नगर पालिका चुनाव में बीजेपी ने जारी किया संकल्प पत्र

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी बस्ती ने शनिवार को नगर पालिका चुनाव के लिए अपना घोषणा पत्र जारी किया। बीजेपी ने संकल्प पत्र का नाम दिया है। घोषणा पत्र में शहरों की अच्छी सड़कें, साफ पीने का पानी, जगमगाती स्ट्रीट लाइटें और साफ सुथरे शहर करने के वादे किए गए हैं। इसके आलावा पार्कों के सौन्दर्यकरण के साथ शहर के मुख्य सार्वजानिक स्थलों पर निशुल्क वाईफाई व्यवस्था प्रदान करने की बात कही गयी है। सफाई, नाली, बिजली, पानी, यातायात, गार्डन, स्वास्थ्य, पीडीएस और सौंदर्यीकरण को अपनी प्राथमिकता बता रहे हैं। इस मौके पर सांसद हरीश द्विवेदी जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, प्रत्याशी सीमा खरे, अशोक सिंह, रवि सोनकर, राजेन्द्र तिवारी अरविन्द श्रीवास्तव, कुन्दन वर्मा मौजूद रहे। खास बात यह है कि इस संकल्प पत्र में सभी विभागों ने संयुक्तरूप से सहयोगात्मक रवैया अपनाया है। संकल्प पत्र में क्या है खास। 24 घन्टे जल आपूर्ति व्यवस्था। शहरों में यातायात को सुगम बनाया जाएगा और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। नए इनडोर स्टेडियम का निर्माण। रात्रि कालीन स्वच्छता व्यवस्था। छुट्टा पशुओं हेतु पशु आश्रय स्थल। शहर में चार बड़े पार्कों की स्थापना। व्यवस्थित यातायात के लिए ट्रफिक। शहरी कूड़ा निस्तारण हेतु डंपिंग स्टेशन की स्थापना। बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड कराने की व्यवस्था। गांधीनगर सहित मुख्य बाजारों में अंडर ग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था । सम्पत्ति नामान्तरण 45 दिन के भीतर सुनिश्चित कराना। कर्मचारियों की जिम्मेदारियों को व्यवस्थित ढंग से तय करना। शिव नगर (तुरकहिया) गंदे नाले पर पर मार्ग चौड़ीकरण एवं सड़क निर्माण। नगर पालिका क्षेत्र के चिह्नांकन हेतु ग्लोसाइन बोर्ड की व्यवस्था। सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों को विशेष व्यवस्थाओं से आच्छादित कराना। जन्मध्मृत्यु प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने की व्यवस्था शहर को बंदरों से निजात दिलाने हेतु मंकी कैचर एवं प्रशिक्षित लोगों की टीम बनाना। समस्याओ के निस्तारण हेतु नागरिक समस्या समाधान केन्द्र की स्थापना एवं ट्रोल फ्री नम्बर की योजना। ब्लॉक रोड, मालवीय रोड, दक्षिण दरवाजे से स्टेशन रोड धर्मशाला रोड पर नालोध्सीवरेज सहित सड़क निर्माण। असंगठित व्यवस्थाओ रेहड़ी पटरी के लिए निःशुल्क पंजीकरण एवं बीमा 5 लाख द्वारा उनकी सामाजित सुरक्षा सुनिश्चित कराना। दक्षिण दरवाजा मंगल बाजार करुआ बाबा से स्टेशन रोड पाण्डेय बाजार सुर्तीहट्टा सहित प्रमुख सड़कों की मरम्मत एवं नाला–नाली का निर्माण। नगर विकास के अलावा आवास विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की झलक भी इस संकल्प पत्र में देखी जा सकती है। सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि भाजपा हर चुनाव उद्देश्य के साथ लडती है। हमारा उद्देश्य जनसेवा होता है। सत्ता का उपभोग हमारा उद्देश्य नही। हम विधानसभा में भी संकल्प पत्र के साथ उतरे थे आज भी हम उद्देश्य के साथ उतरे है। नगर निकाय बोर्ड का गठन भाजपा के नेतृत्व में होगा तो दिल्ली और लखनऊ से निकली सुविधाएं समाज के अंतिम पायदान पर पहुँच सकेगी। इस मौके पर अरविन्द श्रीवास्तव, अमन प्रताप सिंह, नितेश शर्मा, अशोक कुमार दुबे, अभिषेक सिंह।

भारतीय जनता पार्टी, जनपद-बस्ती

बाइक की ठोकर से पी आर डी जवान घायल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

जोगिया,सिद्धार्थनगर। विकासखंड के कोयड़ा निवासी रमेश उम्र लगभग 55 वर्ष पी आर डी का जवान है वह नलकूप खण्ड सिद्धार्थनगर में गार्ड की रात्रिकालीन ड्यूटी करके घर आ रहा था की जोगिया चौराहा पर तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया, जिससे रमेश सड़क पर गिर गया और बुरी तरह से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगो ने पी एच सी पर भर्ती कराया जहां से डाक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रिफर कर दिया। रमेश ड्यूटी कर चौराहा से कुछ बाजार कर घर जा रहा था की बांसी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने ठोकर मार दिया रमेश के घर में लड़की की शादी 11मई को है। घायल को मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया गया उसके सर और कान से खून बहना बंद नहीं हो रहा था।थाना अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने बताया की गाड़ी कब्जे में है प्रार्थनापत्र मिलने पर करवाई की जायेगी। आपको बताते चलें कि आए दिन दुर्घटना–दुर्घटनाओं को नहीं कर पा रहे हैं काबू प्रशासन की लाख कोशिश करने के बाद तेज रफ्तार की कहार को नहीं कर पा रहे काबू प्रशासन इस मामले में पूरी तरह है फिल।

उसका में पैरा मिलिट्री फोर्स व पुलिस के जवानो ने किया पैदल मार्च

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। आगामी निकाय चुनाव को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को उसका कस्बा में सीओ सदर अखिलेश वर्मा की अगुवाई में पैरामिलिट्री फोर्स और थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज के द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल मार्च निकाला गया है। पुलिस ने मार्च दौरान लोगो को सुरक्षा का भरोसा दिलाया और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच पड़ताल भी किया है।

डीएम व सीडीओ0 द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु हीरालाल इण्टर कॉलेज खलीलाबाद में 10 कक्षों में पोलिंग पार्टी (पीठासीनध्मतदान अधिकारी) का दो पाली में प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक कक्ष में 07 पार्टियों के कुल 28 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। दोनो पालियों में कुल 555 मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण दिया गया, 05 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहें। जिन्हें 09 मई 2023 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। हीरालाल इण्टर कॉलेज में आयोजित पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम मास्टर ट्रेनर द्वारा पी0पी0टी0 पर सिलसिलेवार समझाते हुए बारिकी से प्रशिक्षित किया गया। हीरालाल इण्टर कॉलेज के अरविन्द ऑडिटोरियम में फेसिलेटेशन सेन्टर बनाया गया हैं जिसमें अलग–अलग जनपद के सभी नगर पालिका सहित नगर पंचायतों हेतु पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु 08 पार्टियों को लगाया गया है। जिलाधिकारी संदीप कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों से कहा कि इस प्रशिक्षण में आप सभी मतदान के दिन सम्पन्न कराई जाने वाली सभी प्रक्रियाओं एवं सभी नियमों को बारिकी से समझ ले। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए पीठासीन अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस लिए मतदान प्रक्रिया के सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को गम्भीरता से ले। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अच्छा होगा तो मतदेय स्थल पर कोई दिक्कत नही होगी।

सपा प्रत्याशी लक्ष्मी निषाद को मिल रहा जनता का अपार जनसमर्थन

Shot on OnePlus

Shot on OnePlus

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी लक्ष्मी निषाद पत्नी रमेश निषाद ने पक्का पोखरा, बाराखाल, राजाबारी, सुआरहवा, बैरीयहवा, चौफेरा, पुरवा,बहवोलिया, वार्डों में जनसंपर्क कर साइकिल पर मतदान करने की अपील की वही, दूसरी तरफ रमेश निषाद , युवाओं का टोली लेकर निषाद गढ़ इलाके में पहुंचे कर अपने समाज के लोगों से साइकिल पर मतदान करने के लिए की अपील गंगनई राव, गगनई बाबू, धौरापार, तुलसीपुर, अमिलाहवा मेजनसंपर्क के दौरान अपील करते हुए कहा जनता के अपार जनसमर्थन जिस तरह आज समाजवादी पार्टी को मिल रहा है।

जनता हमारा चुनाव स्वयं लड़ रही हैं जनता ने मन बनाया है इस बार परिवर्तन करेंगी भाजपा सरकार ने जीस तरह लोकतंत्र को खत्म कर रही हैं। झूठे वादे करना ही उनकी आदत बन गयी है नगर पंचायत क्षेत्र में चारों तरफ कोई भी गली ऐसा नहीं है जहां साफ सफाई दिखाई देता हो।

चारों तरफ गंदगी के अंबार है टूटी–फूटी सड़कें बजबजाती नालिया ही 20 साल का विकास दिख रही है। इन सब सम्स्याओं पर न कभी भाजपा सरकार ने ध्यान दिया न ही यहां के अध्यक्ष ने जनता ने सबको देखा है किसी के बहकावें में नहीं आयेगी भाजपा इस चुनाव में किसी स्तर तक गिर सकती हैं जनता को सावधान रहना होगा इनके किसी भी बहकावे में नहीं आना है बीजेपी को चारों खाने चित्त करने के लिए मेहदावल नगर पंचायत की जनता ने मन बना लिया है। समाजवादी पार्टी को हर जाति हर धर्म के लोग इस बार मतदान करने जा रहे है निश्चित रूप इस बार 20 साल का भ्रष्टाचार खत्म होगा। इसी दौरान ओमकार यादव, लक्ष्मण निषाद, शेरु रायनी, अनिल मंसूरी, दशरथ, नसीम अहमद, चंद्रभान निषाद, पप्पू यादव, प्रमोद यादव, परमानंद यादव, यदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अधिवक्ता ने राजकुमार सिद्धार्थ की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन किया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जयशंकर प्रसाद मिश्र एडवोकेट एवं सदस्य स्थाई लोक अदालत द्वारा वैशाख पूर्णिमा बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर जनपद मुख्यालय स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप सिद्धार्थ तिराहे पर राजकुमार सिद्धार्थ की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पूजन किया गया।इस दौरान उन्होंने कहा वैशाख पूर्णिमा का महत्व बहुत अधिक है।आज के दिन भगवान बुद्ध के जीवन की तीन अहम बातें –बुद्ध का जन्म,बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति एवं बुद्ध का निर्वाण के कारण भी विशेष तिथि मानी जाती है। गौतम बुद्ध ने चार सूत्र दिए उन्हें श्चार आर्य सत्य श् के नाम से जाना जाता है। पहला दुःख है दूसरा दुःख का कारण तीसरा दुःख का निदान और चौथा मार्ग वह है जिससे दुःख का निवारण होता है। भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग वह माध्यम है जो दुःख के निदान का मार्ग बताता है। इसके अलावा भगवान विष्णु जी का पूजन अर्चन करके नदियों में स्नान किया जाता है। उन्होंने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार पृथ्वी पर रचना के बाद ब्रम्हा जी ने कहा कि मासों में सबसे पवित्र मास बैशाख है।

सम्पादकीय

उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में भी सोनिया गांधी ने एक वर्चुअल रैली की थी। उसके अलावा हर राज्य के चुनाव के समय उनका एक वीडियो संदेश जारी होता था और वे एक चि;ी लिख देती थीं। लेकिन वे कर्नाटक के हुबली में छह मई को एक चुनावी रैली करेंगी। इस तरह सोनिया और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्नाटक प्रचार ...

कर्नाटक से करिश्मा लौटाने की कोशिश

कर्नाटक विधानसभा का चुनाव कांग्रेस के लिए सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि आगे की राजनीतिक दिशा बनाने वाला चुनाव है, जिसका एक पहलू यह है कि पार्टी इसके बहाने नेहरू–गांधी परिवार का करिश्मा लौटाने की कोशिश कर रही है। अगर यह कोशिश कामयाब होती है तो राजस्थान से लेकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी यह संदेश जाएगा कि सोनिया गांधी का परिवार अब भी कांग्रेस को सत्ता दिला सकता है। यह संदेश बनाना इसलिए जरूरी है क्योंकि अभी प्रदेश के सभी क्षत्रप यह मानने लगे हैं कि अगर कांग्रेस जीतती है तो उनकी वजह से उसमें आलाकमान की कोई भूमिका नहीं होती है। इससे कांग्रेस आलाकमान यानी नेहरू–गांधी परिवार की नैतिक व राजनीतिक सत्ता कमजोर होती है। कर्नाटक में भी पहले दिन से यह माहौल बनाया गया है कि कांग्रेस को डीके शिवकुमार और सिद्धरमैया चुनाव लड़ा रहे हैं और अगर कांग्रेस जीतेगी तो इन दो नेताओं की वजह से जीतेगी। उसमें ज्यादा से ज्यादा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को थोड़ा श्रेय दिया जा सकता है क्योंकि वे भी कर्नाटक के हैं। यह माहौल सिर्फ राजनीतिक कारणों से नहीं बना था, बल्कि मीडिया ने भी चुनाव को इसी तरह से प्रचारित किया था। मीडिया ने ऐसी धारणा बनाई कि अगर कांग्रेस जीतती है तो वह स्थानीय नेतृत्व की वजह से जीतेगी और हारेगी तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व की कमजोरी से हारेगी। इसी तरह भाजपा के बारे में यह धारणा बनाई गई कि अगर भाजपा जीतती है तो नरेंद्र मोदी की वजह से जीतेगी और हारती है तो प्रदेश नेतृत्व की कमजोरी से हारेगी। मीडिया के इस नैरेटिव को कांग्रेस आलाकमान ने समझा और उसके बाद प्रादेशिक नेतृत्व पर से फोकस हटाने का काम हुआ। उसके बाद ही तय हुआ कि पूरा गांधी परिवार प्रचार करेगा। राहुल गांधी की रैलियां बढ़ाई गईं और साथ ही प्रियंका गांधी वाड्रा की भी ज्यादा रैली कराने का फैसला हुआ। इससे पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में प्रचार किया था और राहुल गांधी गुजरात गए थे। प्रियंका को हिमाचल की जीत का श्रेय मिला था और राहुल के नेतृत्व पर सवाल उठे थे। तभी यह कहा जा रहा था कि कर्नाटक में प्रियंका सिर्फ औपचारिकता के लिए प्रचार करने जाएंगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने अनेक रोड शो किए और रैलियां कीं। अब कहा जा रहा है कि सोनिया गांधी भी एक रैली करेंगी। सोचें, पिछले कई चुनावों से वे कोई जनसभा नहीं कर रही हैं। उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में भी सोनिया गांधी ने एक वर्चुअल रैली की थी। उसके अलावा हर राज्य के चुनाव के समय उनका एक वीडियो संदेश जारी होता था और वे एक चिठ्ठी लिख देती थीं। लेकिन वे कर्नाटक के हुबली में छह मई को एक चुनावी रैली करेंगी। इस तरह सोनिया और राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कर्नाटक प्रचार की कमान संभाली है। कांग्रेस के जीतने पर श्रेय उनको मिलेगा, जिससे उनकी धमक बनेगी और इसका असर बाकी राज्यों में भी दिखेगा, जहां साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं।

ब्रह्मा विष्णु और महेश के पिता कौन हैं

रहस्यों की दुनिया में प्रविष्ट करने की मेरी चेष्टा नहीं है। न ही मैं यह जानने की कोशिश कर रहा हूं कि ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पिता कौन हैं। जब यह दुनिया नहीं बसी थी तब शिव परम तत्व के रूप में ध्यानस्थ थे। शव रूप में पड़े हुए भू तत्व में चेतना का संचार करते हुए दुनिया को शिवत्व प्रदान करने का कार्य भगवान शिव ने किया। ब्रह्मांड में घना अंधेरा व्याप्त था। इस घनघोर अंधेरे को दूर करने का प्रयास देवाधिपति महादेव भगवान शंकर ने किया। त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पिता नहीं हैं। वेदों में लिखा है कि जिसने जन्म लिया है, या वे प्रकट रूप में हैं वे ईश्वर नहीं हो सकते हैं। ईश्वर अजन्मा, अप्रकट और निराकार हैं। शिव पुराण के अनुसार ब्रह्म ही सत्य है। ब्रह्म परम तत्व है। वह चेतन है। सवाल यह उठता है कि फिर हम ब्रह्मा, विष्णु और महेश की परिकल्पना साकार रूप में करते हैं। दरअसल यह मानव मन की सचेतन अनुभूति है जहां परमतत्व में अखंड विश्वास है। अणु और परमाणु के इलेक्ट्रान, प्रोटान और न्यूट्रान की अवधारणा को सूक्ष्मतम तरीके से समझने की जरूरत है। देवाधिपति महादेव अविनाशी परमात्मा हैं। कुछ समय के पश्चात उनके मन में एक से अनेक होने का भाव जागृत हुआ तत्पश्चात ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में एक तत्व का तीन उपतत्वों में विखंडन हुआ। यही सत , चित और आनंद के रूप में विभूषित हुए। ये शिवत्व प्रदान करने वाले कारक तत्व हैं। परम ब्रह्म एकाक्षर ब्रह्म हैं। परम अक्षर ब्रह्म। अक्षर अर्थात जिसका क्षरण न हो। क्षरण शिव का नहीं होता अर्थात शिव ही परम ब्रह्म हैं। वे ही ईश्वर हैं।

लेखक विनय कांत मिश्र/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

चुनाव से पहले बड़े-बड़े वायदों से तंग आ चुके हैं नागरिक

हतप्रभ हैं तो आगे सुनिये। पांच गारंटी हैं – परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को प्रति माह 2000 रुपये, महिलाओं के लिए मुफ्त बस पास, स्नातकों के लिए 3000 रुपये का बेरोजगारी भत्ता और डिप्लोमा धारकों के लिए 1500 रुपये, प्रति माह 10 किलो मुफ्त चावल और प्रति घर 200 यूनिट मुफ्त बिजली। कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि भाजपा द्वारा पारित सभी अन्यायपूर्ण और जनविरोधी कानूनों ...

सुशील कुट्टी

हर चुनी हुई सरकार को सीधे पांच साल मिलते हैं। उन 5 साल को फालतू में बर्बाद करें और पार्टी के नेताओं के लिए आटा गूंथें और जब चुनाव आये तो फिर एक और घोषणापत्र लेकर आयें। आपको क्या लगता है कि मतदाता घोषणा पत्र के साथ क्या करेगा? स्पष्ट कारणों से, भाजपा का घोषणापत्र वर्तमान राजनीतिक पन्ने को पलटने वाला नहीं है। चुनावी घोषणापत्र धूल खा रहे हैं। आशय का कथन शायद अनुवाद में खो गया है, पर बोलना जरूरी है। अधिकतर मतदाताओं,जिन्हें चुनावी घोषणापत्रों पर विश्वास नहीं होता, को विश्वास करने के लिए कहा जाता है। भाजपा ने सबसे पहले कर्नाटक चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस ने 2 मई को यह एहसान वापस किया। दोनों एक–दूसरे के खिलाफ कैसे पिल पड़े हैं? आपकी जानकारी के लिए बता दें कि भाजपा के घोषणापत्र ने समान नागरिक संहिता और एनआरसी को लागू करने के अपने बार–बार के झांसे से कर्नाटक में बहुत कम हलचल पैदा की है। क्या भाजपा पिछले 5 सालों से कर्नाटक में सत्ता में नहीं थी कि अब वह सत्ता में आने पर ऐसा करने का वायदा कर रही है? समान नागरिक संहिता एक मरा हुआ घोड़ा है। परन्तु हर बार जब चुनाव नजदीक होते हैं, जो औसतन हर पांच महीने में एक बार होता है, तो उसे दो बार की सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा कोड़े मारे जाते हैं। भाजपा के घोषणापत्र की तुलना में, कांग्रेस के घोषणापत्र में संघ परिवार की प्रवर्तन शाखा बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वायदा किया गया है। फिर इसे संतुलित करने के लिए, कांग्रेस ने बजरंग दल के साथ पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को भी रखा, यह अच्छी तरह से जानते हुए कि पीएफआईको मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने पहले ही प्रतिबंधित कर दिया गया था! कांग्रेस के अनकहे वायदों में से एक भारतीय राजनीति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छुटकारा दिलाना है, भले ही इसका मतलब है कि उन्हें एक अधिक स्वीकार्य और उत्तरदायी भाजपा नेता के साथ बदल दिया जाये। ऐसा लगता है मानो यह कर्नाटक विधान सभा का घोषणापत्र नहीं बल्कि उससे भी ज्यादा कांग्रेस के 2024 के आम चुनाव का घोषणापत्र हो। अभी के लिए, यह श्झूठ लूट बीजेपी मनीफेस्टोश है, यह नाम कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कर्नाटक चुनाव घोषणापत्र को दिया है। क्या इसका मतलब वही है जो कांग्रेस कहना चाहती है? शायद ।तथ्य यह है कि कांग्रेस के घोषणापत्र को मोदी के नौ साल के झंझट से कांग्रेस को बाहर निकालना है, जिसमें वह फंसी हुई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के इस संस्करण के साथ कांग्रेस के पास एक मौका है। भाजपा का घोषणापत्र अपने सामान्य बोलचाल के साथ, आशा को बढ़ाता है। बीपीएल परिवारों को साल में तीन बार मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर से लेकर हर महीने 5 किलो चावल और रोजाना आधा लीटर नंदिनी दूध। हां, कन्नड़िगा शनंदिनीश, गुजराती श्अमूलश नहीं! भाजपा धार्मिक कट्टरता से लड़ने के लिए एक विशेष पुलिस बल भी स्थापित करेगी। क्या इससे राज्य में अल्पसंख्यकों को आश्वस्त होना चाहिए? अगर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के कांग्रेस के घोषणापत्र के संकल्प पर हल्ला–गुल्ला कुछ भी हो जाये, तो विशेष पुलिस विंग एक और बिना दांत वाला बाघ–सह–सफेद हाथी होगा! भाजपा के घोषणापत्र में श्कर्नाटक को भारत के इलेक्ट्रिक वाहन केंद्र में बदलनेश का भी वायदा किया गया। कुछ ऐसा ही के अन्नामलाई ने तमिलनाडु के मतदाता से कहा है! ध्यान दें कि भाजपा अभी सत्ता विरोधी लहर और चुनावी वायदों के बोझ से लदी है, जिसमें बेंगलुरु को श्राज्य की राजधानी क्षेत्रश का दर्जा देना शामिल है, जो बासी हो गया है। हर चुनी हुई सरकार को सीधा पांच साल मिलते हैं। उन 5 साल को फालतू में बर्बाद करें और पार्टी के नेताओं के लिए आटा गूंथें और जब चुनाव आये तो फिर एक और घोषणापत्र लेकर आयें। आपको क्या लगता है कि मतदाता घोषणा पत्र के साथ क्या करेगा? स्पष्ट कारणों से, भाजपा का घोषणापत्र वर्तमान राजनीतिक पन्ने को पलटने वाला नहीं है। यह एक नई बोतल में कहावत वाली पुरानी शराब है। इन्हीं कारणों से, कांग्रेस के घोषणापत्र को 2 मई को जारी होने के बाद से कम समय में अपेक्षाकृत अधिक तवज्जो मिले होंगे। भाजपा का घोषणापत्र एक बड़ा विश्वास–घाटे के साथ आता है। लोगों ने कितनी बार सुना है श्हम कर्नाटकध्भारत में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे...श भाजपा कर्नाटक को भी गुजरात मॉडल में बदलना चाहती थी। उन सभी पुराने नेताओं को बदल देने का मॉडल, जिनके खिलाफ असंतोष हो। गुजरात में ऐसे कई नेताओं को घर बैठाकर नए चेहरों को टिकट दिये गये। विपक्ष तो पहले ही भाजपा ने वहां खत्म कर दिया था, वे कहां जाते! वहां यह फार्मूला चल गया लेकिन कर्नाटक में नहीं। कई बड़े नेता पार्टी छोड़ कांग्रेस में चले गए। प्रस्तावित विशेष पुलिस विंग जिसे कर्नाटक–स्टेट विंग अगेंस्टरिलिजियस फंडामेंटलिज्म एंड टेरर (के–स्विफ्ट) कहा जाता है, एक नवीनता है। लेकिन बात करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ होगा, तो समान मात्रा में असंतोष पैदा होता है। इसी से जुड़ी यह आलोचना है कि भाजपा भी वोट के लिए श्मुफ्तश का सहारा ले रही है। भाजपा के हाथ बंधे हुए हैं। कर्नाटक के इन चुनावों में कांग्रेस श्मुफ्तश वायदे का राजा है रू कर्नाटक को श्सभी समुदायों के शांतिपूर्ण उद्यानश (घोषणापत्र का शीर्षक) बनाया जायेगा जिसमें मुफ्त बिजली और मासिक भत्ते दिये जायेंगे। कांग्रेस के मुफ्त उपहार पांच गारंटी हैंरू गृह ज्योति, गृह लक्ष्मी, अन्न भाग्य, युवा निधि और शक्ति। छठा यह है कि श्पांच गारंटीश नव–स्थापित कांग्रेस सरकार के पहले दिन लागू की जायेगी।

सो, कुछ तो है जो भारत के लोग नहीं जानते हैं। सरकार को वह बताना चाहिए। नागरिकों को भरोसे में लेना चाहिए और तब चीन से निर्णायक बात करनी चाहिए। देश के नागरिक देख रहे हैं कि उसने पूर्वी लद्दाख में क्या किया या अरुणाचल प्रदेश में किस तरह से उसने 30 से ज्यादा जगहों के नाम बदल दिए। डोकलाम विवाद से भी देश परिचित है। अच्छा है, जो भारत सरकार कह रही है कि इन सारी जगहों ...

चीन से वार्ता का क्या संदेश है?

अजीत द्विवेदी

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति बदलने के चीन के प्रयासों और गलवान घाटी में भारत–चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद पहली बार दोनों देशों के बीच राजनीतिक स्तर की वार्ता हुई है। शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने भारत आए चीन के रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ दोपक्षीय वार्ता की। दोनों देशों के संबंधों और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से भी यह एक बड़ा घटनाक्रम था। लेकिन इस वार्ता का क्या संदेश है? क्या दोनों देश तीन साल से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में बढ़ेंगे? ध्यान रहे चीन के साथ सीमा पर गतिरोध का बिंदु सिर्फ पूर्वी लद्दाख नहीं है। डोकलाम से लेकर अरुणाचल प्रदेश के अंदर तक चीन ने किसी न किसी रूप में दखल देने का प्रयास किया है।

भारत का कहना है कि सीमा से जुड़े सारे मुद्दों का समाधान जब तक नहीं होता है, तब तक आगे बढने का रास्ता नहीं बनेगा। भारत ने सीमा विवाद को सर्वोच्च बताते हुए इसके समाधान को दोपक्षीय संबंधों में सुधार के लिए अनिवार्य बताया है। ली शांगफू के साथ दोपक्षीय वार्ता के बाद भारत की ओर से जो जारी बयान के मुताबिक राजनाथ सिंह ने चीन के अपने समकक्ष से बहुत साफ शब्दों में कहा कि दोनों देशों के दोपक्षीय संबंधों में प्रगति सीमा पर शांति और स्थिरता पर निर्भर है। भारत ने चीन से मौजूदा दोपक्षीय संधियों के आधार पर सारे विवाद निपटाने की बात कही है। दूसरी ओर इस वार्ता के बाद चीन ने जो बयान जारी किया है उसमें बिल्कुल उलटी बात कही गई है। चीन ने सीमा के हालात को मोटे तौर पर स्थिर बताया है और दोपक्षीय संबंधों के बीच सीमा विवाद को एक निश्चित जगह देने की बात कही है। उसका कहना है कि सब कुछ सीमा विवाद से जोडना या उस पर निर्भर करना ठीक नहीं है।

इस तरह भारत चाहता है कि सीमा विवाद सुलझे तब दोपक्षीय संबंधों में आगे बढ़ा जाए और चीन कहता है कि सीमा विवाद सुलझाने का प्रयास चलता रहेगा लेकिन साथ ही दोपक्षीय संबंध भी चलते रहने चाहिए। उसने भारत के सामने दोनों देशों के सैनिकों के बीच सहयोग और साझीदारी बढ़ाने का एक प्रस्ताव भी रखा, जिसे भारत ने खारिज कर दिया। अब सवाल है कि क्या सचमुच भारत इतना नाराज है कि चीन से संबंध नहीं रखना चाहता है और इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि जब तक सीमा विवाद नहीं सुलझेगा, तब तक दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं होगा? ऐसा नहीं है। यह सिर्फ भारत की एक पोजिशनिंग है, एक दिखावा है, जिसका मकसद राजनीतिक कांस्टीट्यूएंसी को एड्रेस करना है। भारत नहीं चाहता है कि चीन के साथ कोई ऐसी तस्वीर आए, जो भारत के मजबूत और सख्त नेतृत्व पर सवाल उठाने वाली हो। इसी वजह से सैन्य साझेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को खारिज किया गया और इसी वजह से एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री से हाथ मिलाने से इनकार किया।

हकीकत यह है कि कूटनीतिक और सैन्य मामले में भारत जो भी स्टैंड ले कारोबार के मामले में भारत बुरी तरह से चीन पर निर्भर होता जा रहा है। सोचें, अगर भारत को चीन के सीमा विवाद सुलझे बगैर सैन्य साझेदारी नहीं करनी है या दोपक्षीय संबंधों में सुधार नहीं करना है तो आर्थिक साझेदारी क्यों बढ़ाई जा रही है? सरकार कुछ भी कहे लेकिन हकीकत यह है कि 2015 से 2022 के बीच भारत और चीन का दोपक्षीय व्यापार 190 फीसदी बढ़ा है। यानी हर साल भारत के आर्थिक विकास दर से दोगुने से ज्यादा रफ्तार से चीन से भारत का कारोबार बढ़ा है। इस अवधि में चीन से होने वाला आयात 120 फीसदी बढ़ा है, जबकि भारत के निर्यात में 38 फीसदी की कमी आई है। चीन के साथ एक साल का कारोबार 136 अरब डॉलर का हो गया है। यह तब हुआ है जब भारत में चीन के बहिष्कार की बात चल रही है। अगर दोपक्षीय संबंध सीमा विवाद के सुलझने पर निर्भर हैं तो आर्थिक संबंधों को क्यों उससे अलग रखा गया है? दोनों देशों के कारोबार की छोड़ें एक हकीकत यह भी है कि चीन के जाल में फंस कर भारत ने पूर्वी लद्दाख के इलाके में अपनी रणनीतिक बढ़त गंवाई है। गलवान घाटी की घटना के बाद भारत के बहादुर सैनिकों ने 29–30 अगस्त 2020 की रात को कैलाश रेंज में रेजांग ला और रेचिन ला की पहाडियों पर अपना नियंत्रण बना लिया था। यह इतना अचानक हुआ था कि चीन के सैनिक हतप्रभ रह गए थे। उनको पता भी नहीं चला और भारत की सेना ने ऐसी रणनीतिक जगह पर अपना नियंत्रण बना लिया, जहां से वह चीनी सैनिकों की हर गतिविधि पर नजर रख सकती थी। इस घटना के बाद अचानक चीन ने भारत से सैन्य वार्ता में रूचि दिखानी शुरू की और यथास्थिति बहाली के लिए कोर कमांडरों की वार्ता शुरू हुई। ऐसी ही एक वार्ता में भारत ने चीन की बात मान ली और पैंगोंग झील के पास उसके सैनिकों के पीछे हटने के बदले में रेजांग ला और रेचिन ला से अपने सैनिकों के हटा लिया। जैसे ही भारत की यह रणनीतिक बढ़त समाप्त हुई, चीन की वार्ता में रूचि भी समाप्त हो गई। सोचें, अब तक कोर कमांडर स्तर की 18 दौर की वार्ता हो चुकी है और अभी तक पैंगोंग झील के अलावा किसी दूसरी जगह से सैनिकों के पीछे हटने की बात सफल नहीं हुई है। सो, चाहे सामरिक हो या आर्थिक दोनों मोर्चे पर चीन किसी न किसी तिकड़म से भारत को अपने जाल में फंसाए हुए है। भारत सरकार की दिक्कत यह है कि उसने यह लाइन पकड़ ली है कि चीन की ओर से कोई घुसपैठ नहीं हुई है और किसी ने भारत की एक इंच जमीन नहीं कब्जा की है। गलवान घाटी की घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2020 को सर्वदलीय बैठक में कहा था कि न कोई घुसा है और न कोई घुस आया है। उन्होंने इस बात को खारिज किया कि चीन ने भारत की जमीन कब्जा किया है। सोचें, भारत कह रहा है कि चीन ने एक इंच जमीन नहीं ली है और चीन भी यही कह रहा है कि उसने एक इंच जमीन नहीं ली है, फिर विवाद किस बात का है? चीन ने घुसपैठ नहीं की है तो भारत कहां से उसको पीछे हटने और अप्रैल 2020 से पहले की यथास्थिति बहाल करने के लिए कह रहा है? अगर चीन ने कोई घुसपैठ नहीं की है तो दुशांबे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जो कहा था कि पूर्वी लद्दाख में चीन की कार्रवाई से दोपक्षीय संबंध प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। सवाल है कि वह क्या कार्रवाई थी, जिससे दोपक्षीय संबंध प्रभावित हुए हैं?

बुद्ध पब्लिकेशन
ऑफसेट एण्ड प्रिन्टर्स
निकट-हीरो एजेंसी, नौगढ़ मधुकरपुर-सिद्धार्थनगर (उ.प्र.)
8795951917, 9453824450

केकेआर के कप्तान नितीश राणा की पत्नी के साथ दिल्ली में हुई बदसलूकी

दिल्ली पुलिस ने नहीं की मदद, दिया हैरान करने वाला जवाब

कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नितीश राणा की पत्नी के साथ दिल्ली में दो बाइस सवार युवकों ने बदसलूकी की है, जिसके बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी मगर पुलिस ने मामले को रफा दफा कर दिया। इस घटना की जानकारी नितीश राणा की पत्नी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर किया है, जिसके बाद दिल्ली पुलिस पर लापरवाही किए जाने के आरोप लग रहे है।

नितीश की पत्नी ने सोशल मीडिया पर शेयर कर बताया कि घटना चार मई की रात की है जब वो ऑफिस से घर जा रही थी। इसी बीच दो बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी का लगातार पीछा किया और लड़कों ने उनकी गाड़ी को टक्कर भी मारी। इसी बीच साची ने अपने फोन से दिल्ली पुलिस को फोन किया और लड़कों द्वारा की जा रही बदसलूकी की शिकायत की। इस मामले पर पुलिस ने बेहद ही हैरान करने वाला जवाब उन्हें देते हुए कहा कि आप सुरक्षित घर पहुंच गई है तो लड़कों को जाने दीजिए।

सांची ने किया पोस्टः इंस्टाग्राम पर दोनों लड़कों के दो फोटो बाइक पर पीछा करते हुए उन्होंने पोस्ट किए। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में एक आम दिन, मैं अपना काम खत्म कर घर लौट रही थी। इन लड़कों ने मेरी गाड़ी को टक्कर मारी। पता नहीं इन्होंने मेरी गाड़ी का पीछा क्यों किया था। मैंने दिल्ली पुलिस को फोन कर शिकायत की तो दिल्ली पुलिस ने कहा कि अब आप सुरक्षित घर पहुंच गई हैं तो जाने दो। अगली बार गाड़ी का नंबर नोट कर लेना। साची ने दिल्ली पुलिस के व्यवहार पर कसकर तंज भी कसा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गाड़ी का नंबर क्यों अगली बार फोन नंबर भी लूंगी।

गौरतलब है कि सांची द्वारा लगाए गए आरोप के बाद दिल्ली पुलिस की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े हो गए है। दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा को लेकर खतरा होने पर उनकी कोई मदद नहीं की। वहीं सोशल मीडिया पर लगातार इस घटना को लेकर यूजर्स दिल्ली पुलिस पर सवाल उठा रहे है।

पीएसजी से निष्कासित किए जाने के बाद आया लियोनेल मेसी का बयान, अपनी इस गलती के लिए मांगी माफी

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी इन दिनों लगातार चर्चा में बने हुए है। लियोनेल मेसी को उनके क्लब पेरिस सेंट जर्मन से निष्कासित कर दिया था। लियोनेल मेसी ने सऊदी अरब की यात्री की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ अनुशासत्मक एक्शन लिया गया था। इसके तहत उन्हें क्लब से निष्कासित किया गया था।

वहीं अब लियोनेल मेसी ने सऊदी अरब की अनधिकृत यात्रा पर जाने के लिए शुक्रवार को माफी मांगी है। लियोनेल मेस्सी ने अपने क्लब के सभी सदस्यों से माफी मांगी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक पोस्ट में लियोनेल मेसी ने अपने 45.8 करोड़ फॉलोअर्स से एक वीडियो के जरिए कहा कि वो अपनी टीम के साथियों और क्लब से माफी मांगना चाहते है।ष बता दें कि सात बार के बैलन डीश्ओर विजेता लियोनेल मेसी ने सऊदी अरब की यात्रा की थी, जिसके लिए उन्होंने अपने क्लब पीएसजी से अनुमति नहीं मांगी थी। जबकि पीएसजी के कॉन्ट्रैक्ट में साफ है कि वो किसी अन्य देश की यात्रा नहीं कर सकते है मगर लियोनेल मेसी ने सऊदी अरब की यात्रा कर नियम को तोड़ा है।

वहीं इस कारण वो क्लब के ट्रेनिंग सेशन में भी हिस्सा नहीं ले सके। लियोनेल मेसी ने कहा कि मैंने ईमानदारी से सोचा था कि हम मैच के बाद के दिन की छुट्टी लेने जा रहे हैं जैसा कि पिछले हफ्तों में हुआ था। मैंने सऊदी अरब की इस यात्रा का आयोजन पहले ही रद्द कर दिया था। इस बार मैं इसे रद्द नहीं कर सका। मैंने जो किया उसके लिए मुझे खेद है और मैं यह देखने के लिए इंतजार कर रहा हूं कि क्लब क्या करने का फैसला करता है।ष

माना जा रहा है कि लियोनेल मेसी के इस कदम से क्लब नाराज है। क्लब और लियोनेल मेसी का दो वर्षों का कॉन्ट्रैक्ट था जिसे अब क्लब तोड़ सकता है क्योंकि मेसी ने नियमों का उल्लंघन किया है। माना जा रहा है कि अब लियोनेल मेसी को क्लब कई दिनों के लिए दरकिनार कर देगी। इसके बाद इस सप्ताह के अंत में पीएसजी के मैच में लिग 1 में लियोनेल मेसी नहीं खेल सकेंगे। हालांकि लियोनेल मेसी के निलंबन पर क्लब के कोच ने कहा है कि उन्हें सिर्फ इसकी जानकारी दी गई थी।

डायमंड लीग में गोल्ड मेडल हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने कहा– आगे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना लक्ष्य, पीएम मोदी ने भी दी बधाई

भारत के लिए टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीतने के बाद नीरज चोपड़ा ने फिर से खास उपलब्धि अपने नाम की है। इस बार भारत के भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में अपना खिताब हासिल किया है। पहले चरण में जीता हासिल करने के बाद नीरज चोपड़ा ने बयान भी साझा किया है। उन्होंने दोहा डायमंड लीग की शुरुआत ही शानदार की है।

वहीं डायमंड लीग के खिताब को अपने पास ही रखने के उद्देश्य से नीरज चोपड़ा मैदान में उतरे है। पहले चरण में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने कहा कि वह सत्र की आगामी प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन को नए मुकाम पर ले जाना चाहेंगे। पिछले साल डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी हासिल करने वाले चोपड़ा ने शुक्रवार को सत्र के पहले चरण में कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी में 88.67 मीटर भाला फेंककर पहला स्थान हासिल करके अपने अभियान की बेहतरीन शुरुआत की।

चोपड़ा ने कहा,'' यह जीत आसानी से नहीं मिली लेकिन मैं बहुत खुश हूं। यह वास्तव में मेरे लिए बहुत अच्छी शुरुआत है। मैं इस सत्र में फिट रहना चाहूंगा और अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना चाहूंगा। मैं आगामी प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मेरी योजना फिट बने रहने और पहले से बेहतर प्रदर्शन करने की है।'' चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी को पार करना है। विश्व एथलेटिक्स के अनुसार वह अब 27 जून को चेक गणराज्य में ऑस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। चोपड़ा पिछले कुछ समय से तुर्किए के अंताल्या में अभ्यास कर रहे थे।

इस भारतीय स्टार ने कहा,'' मुझे उम्मीद है कि आगामी प्रतियोगिताओं में मैं पहले स्थान पर रहकर अपनी निरंतरता बनाए रखूंगा।'' चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में पहले प्रयास में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह उनका कुल मिलाकर चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ओलंपिक चौंपियन को इस दौरान दर्शकों का अपार समर्थन मिला क्योंकि काफी भारतीय दर्शक वहां पहुंचे थे।

चोपड़ा ने कहा,'' बहुत सारे दर्शक मेरा समर्थन करने के लिए आए थे और वे वास्तव में खुश थे। कई बार यह वास्तव में मुश्किल होता है क्योंकि हमारा देश बहुत बड़ा है और लोगों की आप से काफी उम्मीदें जुड़ी होते हैं। अब मेरे देश के और अधिक एथलीट डायमंड लीग और अन्य प्रतियोगिताओं में मुझसे जुड़ें।'' उन्होंने कहा,'' मैं भाग्यशाली हूं कि लोगों का मुझ पर विश्वास है। मैं वास्तव में अच्छा महसूस कर रहा हूं। दोहा चरण शानदार रहा जो कि प्रत्येक साल का पहला चरण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बधाई दीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाला फेंक के एथलीट नीरज चोपड़ा को अपने सत्र के शुरू में ही डायमंड लीग का खिताब जीतने के लिए बधाई और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। मोदी ने ट्वीट किया,'' वर्ष की पहली प्रतियोगिता और पहला स्थान। नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में88.67 मीटर भाला फेंककर चमक बिखेरी। उन्हें बधाई। भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं।'' पिछले साल सितंबर में स्विट्जरलैंड में डायमंड लीग फाइनल की ट्रॉफी जीतने वाले 25 वर्षीय ओलंपिक चौंपियन चोपड़ा ने कई स्टार खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन करके दोहा डायमंड लीग का खिताब जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की।

अनुराग ठाकुर ने बताया सच्चा चौंपियनः ओलंपिक के बाद दोहा में गोल्ड मेडल हासिल करने वाले केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी नीरज चोपड़ा की सराहना की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि नीरज चोपड़ा जीत गए। 88.67 मीटर की तेज थ्रो के साथ वो दोहा डायमंड लीग में अपना वर्चस्व कायम कर गोल्ड मेडल के साथ लौट रहे है। वो एक सच्चे चौंपियन है जिन्होंने दोबारा देश को गौरवान्वित किया है। नीरज को शानदार जीत के लिए बधाई।

ट्रांजिशन' बॉन्ड के लिए सेबी ने जारी किए अतिरिक्त प्रावधान

बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के बीच पारदर्शिता और सूचना पर आधारित निर्णय–निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए ट्रांजिशन बॉन्ड' जारी करने और उनकी सूचीबद्धता से संबंधित नए प्रावधान जारी किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि ट्रांजिशन बॉन्ड से संबंधित नए प्रावधान लागू करने का मकसद यह है कि इनके जरिये जुटाई गई राशि को दूसरी तरह आवंटित न कर दिया जाए। 'ट्रांजिशन' बॉन्ड हरित गतिविधियों के लिए वित्त जुटाए जाने का ही एक माध्यम है। ट्रांजिशन बॉन्ड किसी कंपनी के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने से जुड़ी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए जारी किए जाते हैं। वहीं हरित बॉन्ड जलवायु एवं पर्यावरणीय परियोजनाएं लाने के लिए जारी किए जाते हैं। सेबी ने अपने परिपत्र में कहा कि 'ट्रांजिशन' बॉन्ड जारी करने का इरादा रखने वाली कंपनी को सार्वजनिक निर्गम के पेशकश दस्तावेज में अतिरिक्त सूचनाएं देनी जरूरी होंगी। ऐसे बॉन्ड के निजी आवंटन में भी यह प्रावधान लागू होगा। 'ट्रांजिशन' बॉन्ड जारी करने वाली कंपनी को अपने उत्सर्जन कटौती लक्ष्य का ब्योरा देने के साथ यह भी बताना होगा कि परियोजना को लागू करने के लिए किस तरह की रणनीति अपनाई जाएगी। जारीकर्ता कंपनी इसके क्रियान्वयन पर नजर रखने के लिए एक समिति भी बना सकती हैं। इस बीच, सेबी ने शेयर बाजारों एवं अन्य बाजार ढांचागत संस्थानों की सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों के लिए परीक्षण प्रारूप भी जारी किया है। यह प्रारूप शेयर बाजारों के साथ समाशोधन निगम और डिपॉजिटरी के आईटी सिस्टम से जुड़े जोखिमों का आकलन करने में मदद करेगा।

दाऊद इब्राहिम के सवाल को टाल दिया, आतंक पर बोला सफेद झूठ, बिलावल यूं अलापने लगे कश्मीर का राग

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो गोवा में एससीओ की बैठक में भाग लेने के लिए भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए। उन्होंने इंडिया टुडे के साथ एक विशेष बातचीत में अपनी यात्रा की सफलता, भारत–पाक संबंधों, आतंकवाद और कई अन्य मुद्दों के बारे में बात की। अपनी भारत यात्रा पर बिलावल भुट्टो ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य एससीओ की बैठक में भाग लेना था, एक मंच जिसका पाकिस्तान हिस्सा है और यात्रा सफल रही है।

भारत–पाक संबंधों परः बिलावल भुट्टो ने जम्मू–कश्मीर में धारा 370 को निरस्त करने के संदर्भ में कहा कि जब तक भारत 5 अगस्त, 2019 को की गई कार्रवाई की समीक्षा नहीं करता, तब तक पाकिस्तान भारत के साथ द्विपक्षीय रूप से जुड़ने की स्थिति में नहीं है। उनसे पूछा गया कि क्या अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को भारत को सौंपने से दोनों पड़ोसियों के बीच तनाव कम हो जाएगा? उन्होंने सीधे तौर पर इस सवाल पर भारत की कश्मीर पॉलिसी को शांति न होने का कारण बताया। भुट्टो ने कहा कि अगर भारत की विदेश नीति श्नेबर्स फर्स्टश है, तो उन्हें अपने पड़ोसियों में से किसी एक के साथ किसी तरह का जुड़ाव करना होगा।

संबंधों पर भारत की स्थिति को लेकर क्या कहा

भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तब तक नहीं होगी जब तक इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई नहीं करता। भारत की स्थिति पर बिलावल भुट्टो ने कहा कि आतंकवाद कोई नई बात नहीं है। यह एक पुरानी चुनौती है। इस चुनौती का सामना करने के बावजूद, हमने बातचीत की है।

आतंकवाद पर सफेद झूठ

भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद से इसलिए नहीं निपटना चाहता है क्योंकि भारत ऐसा कहता है, बल्कि इसलिए कि हम इस खतरे को खत्म करना चाहते हैं। भुट्टो ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड खुद के लिए बोलता है। पाकिस्तान एफएटीएफ के दो उद्देश्यों को पूरा करने वाला एकमात्र देश है। 2006–2014 के बीच, पाकिस्तान बहुत मुश्किल स्थिति में था। लेकिन हम इन आतंकवादियों के कार्य योजनाओं की कमर तोड़ने में कामयाब रहे।

मुंबई टेरर अटैक : बिलावल भुट्टो ने कहा कि जब आप दावा करते हैं कि भारत पर हमलों की एक लंबी सूची है, तो आप यह मानने से इनकार करते हैं कि पाकिस्तान की कोई वैध चिंता है। उन्होंने दावा किया कि मुंबई हमलों का मुकदमा पाकिस्तान में चल रहा है। सुनवाई आगे नहीं बढ़ने का कारण यह है कि भारत ने मामले को आगे ले जाने के लिए आवश्यक गवाह पेश करने से इनकार कर दिया है।

गिलगित–बालीस्तान, पीओके से पाक सेना को वापस बुलाने परः बिलावल भुट्टो ने पूछा कि मैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का पालन करने के लिए तैयार हूं जिसमें गिलगित–बलिस्तान से पाकिस्तानी सेना को वापस लेना भी शामिल है,। लेकिन भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, जनमत संग्रह या जनमत संग्रह के बारे में चिंतित क्यों है?

पेशेवर बेहतर करियर के लिए विविध प्रकार के कौशल सीख रहेः लिंक्डइन

शोध में खुलासा हुआ कि भारत में 76 प्रतिशत पेशेवर मानते हैं कि 20 साल पहले की तुलना में अब नौकरियों के लिए डिग्री का महत्व कम हो गया है। सेंससवाइड ने यह शोध 18 वर्ष से ज्यादा आयु वाले 1,000 से ज्यादा पेशेवरों से इसी वर्ष 6–12 अप्रैल के बीच की बातचीत के आधार पर किया है।

भारतीय पेशेवरों का एक बड़ा वर्ग मानता है कि भविष्य में कंपनियां विविध कौशल जानने और विभिन्न क्षेत्रों में अनुभव वाले पेशेवरों को किसी एक क्षेत्र की विशेषता रखने वाले पेशेवर की तुलना में वरीयता देंगे। कामकाजी लोगों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन ने एक शोध के बाद यह जानकारी दी है। शोध में खुलासा हुआ कि भारत में 76 प्रतिशत पेशेवर मानते हैं कि 20 साल पहले की तुलना में अब नौकरियों के लिए डिग्री का महत्व कम हो गया है। सेंससवाइड ने यह शोध 18 वर्ष से ज्यादा आयु वाले 1,000 से ज्यादा पेशेवरों से इसी वर्ष 6–12 अप्रैल के बीच की बातचीत के आधार पर किया है।

शोध के अनुसार, यह इसलिए है क्योंकि अब कौशल–आधारित नियुक्ति होने लगी है। इसमें 82 प्रतिशत भारतीय पेशेवर सहमत हैं कि कंपनियां अब ऐसे पेशेवरों को काम पर रखने में अधिक सहज हैं जिनके पास संबंधित क्षेत्र का कार्य अनुभव नहीं है लेकिन सही कौशल है। कौशल बढ़ाना अब पहले से बहुत जरूरी हो गया है। 87 प्रतिशत लोग मानते हैं कि 20 वर्ष पहले की तुलना में अब लगातार नए कौशल सीखना ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। शोध में बताया गया कि 83 प्रतिशत भारतीय पेशेवरों को लगता है कि 20 वर्ष पहले करियर के रास्ते अधिक सीधे व जरूरी कौशल अधिक स्पष्ट थे। इसमें कहा गया, "अब बदलाव हो रहा है...।''

लिंक्डइन इंडिया के भारत में क्षेत्रीय प्रबंधक आशुतोष गुप्ता ने कहा, "पेशेवर अब अपना करियर 20 वर्ष पहले से अलग सोच के साथ अपना रहे हैं, जहां, वेतन अभी भी महत्वपूर्ण है। हम कर्मचारियों की एक नई पीढ़ी देख रहे हैं जो करियर के उतार–चढ़ाव के साथ अधिक सहज हैं, अपने मूल्यों से समझौता करने से इनकार करते हैं और यह निर्धारित करना चाहते हैं कि वे कैसे, कब और क्यों काम करते हैं।" उन्होंने कहा कि पेशेवर यह भी महसूस कर रहे हैं कि सिर्फ डिग्री से काम नहीं चलेगा और उन्हें लगातार विविध प्रकार के कौशल हासिल करने होंगे क्योंकि नौकरियां तेजी से बदल रही हैं।

किसी बाहरी देश नहीं रूस के अंदर से किया गया क्रेमलिन पर ड्रोन अटैक, अमेरिकी एक्सपर्ट का बड़ा दावा

अमेरिका स्थित ड्रोन विशेषज्ञों ने क्रेमलिन के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हुए ड्रोन को लेकर बड़ा दावा किया है। उनका मानना है कि उन्हें रूस के अंदर से लॉन्च किया गया हो सकता है। रूस ने बुधवार को दावा किया कि यूक्रेन ने मास्को में क्रेमलिन पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या के लिए ड्रोन से हमला किया था। हालांकि क्रेमलिन पर हमले में किसी भी भूमिका से इनकार करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के प्रेस सचिव ने कहा कि उन्हें क्रेमलिन पर तथाकथित रात के हमलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय मॉस्को समाचार टेलीग्राम चौनल पर जारी एक वीडियो मेंक्रेमलिन के ऊपर धुएं जैसा उठता दिखाई दिया है। यह वीडियो संभवतरू क्रेमलिन के सामने नदी पार से बनाया गया है।

वीडियो के साथ दी गई जानकारी के अनुसार, पास के एक अपार्टमेंट बिल्डिंग के निवासियों ने स्थानीय समयानुसार देर रात लगभग ढाई बजे धमाकों की आवाज सुनने और धुआं देखने की सूचना दी। गैर–लाभकारी रेजिलिएंट नेविगेशन एंड टाइमिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष दाना गोवर्ड ने कहा कि मास्को कम से कम 2015 से क्रेमलिन को ड्रोन से बचाने के बारे में बहुत चिंतित है, जब उसने स्वचालित रूप से उन्हें दूर करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रत्युपायों का उपयोग करना शुरू किया। क्रेमलिन कैसे पहुंचा?: ड्रोन निर्माता ब्रिंक के संस्थापक और सीईओ व ड्रोन विशेषज्ञ ब्लेक रेसनिकने इसे आश्चर्यजनक बताया कि ड्रोन बिना पता लगाए मास्को के माध्यम से उड़ान भरने में सक्षम हुआ। रेसनिक ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि यह ड्रोन पूरे मास्को से क्रेमलिन तक पहुंचने में सक्षम हो गया।

अवैध शराब और स्कार्पियो बरामद, तस्कार भागे

देवरिया । रामपुर बुजुर्ग। थाना क्षेत्र के सिकटिया के नजदीक से पुलिस ने दिल्ली नंबर की स्कार्पियो से 30 पेटी देसी शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार किसी ने पुलिस को सूचना दी कि सिकटिया के रास्ते से अवैध शराब से भरी हुई गाड़ी बिहार जाने की फिराक में है। इसके बाद थानाध्यक्ष बनकटा अनिल कुमार ने दल बल के साथ सिकटिया चौराहे पर घेराबंदी कर जांच शुरू की। उसी समय एक स्कार्पियो आती दिखी। पुलिस ने गाड़ी रोकनी चाही तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। उसका पीछाकर पुलिस ने गाड़ी को देसी शराब की दुकान के पास पकड़ लिया। तलाशी के दौरान गाड़ी से 30 पेटी अवैधा देसी शराब मिली। श्रीरामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि तस्कर गाड़ी खड़ी कर भागने में सफल रहे।

मतदान में महिलाओं ने दिखाया दम

देवरिया। निकाय चुनाव में मतदान करने में 10 निकायों में महिलाएं आगे रहीं। जबकि गौरा–बरहज नगर पालिका में महज 13 वोट से पीछे रह गईं। कई निकायों में वह पुरुष मतदाताओं से करीब चार से पांच हजार वोट अधिक डालकर अपनी भागीदारी निभाई। इससे एक बात तो साफ है कि निकाय चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका अहम रहेगी। अब देखना है कि महिला मतदाताओं के वोट की चोट किस प्रत्याशी के लिए फायदेमंद साबित हो रही है। जिले की दो नगर पालिका और पंद्रह नगर पंचायतों का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ। 60.89 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो प्रथम श्रेणी है। इसमें सबसे अधिक भूमिका महिला मतदाताओं की रही है। देवरिया, बरहज, भाटपाररानी, रुद्रपुर, सलेमपुर भटनी, गौरी बाजार को छोड़ दिया जाए तो सभी नगर पंचायतों में महिला मतदाताओं ने जमकर वोट डाले हैं। जबकि पुरुष वोटर पीछे रह गए हैं। इतना जरूर है कि कुल पड़े मत 281026 में महिलाएं 2140 वोट पीछ रह गई हैं। अगर वह अन्य सात निकायों में भी आगे रहतीं तो पुरुष वोटरों से बड़ा अंतर होता।

उदासीन अखाड़ा के महंत को पुलिस ने थाने में बैठाया, माहौल बिगड़ता देख छोड़ा

बरहज। नगर के पटेल नगर स्थित पुरानी संगत पीठ के महंत परमेश्वर दास को एक मामले में पुलिस ने थाने में बैठा लिया। जानकारी होने और माहौल बिगड़ता देख बाद में पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। हालांकि महंत ने मुख्यंमत्री आदित्यनाथ योगी से मिलकर पुलिस द्वारा बदसलूकी करने की शिकायत करने की बात कही है। महंथ परमेश्वर दास ने दो मई को पुलिस को तहरीर देकर और मुख्यमंत्री पोर्टल पर नागा बाबा मंदिर के जमीन पर कुछ लोगों की ओर से अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की थी। दिए गए शिकायती पत्र में उनका कहना है कि वार्ड के कुछ लोग मंदिर की जमीन पर अतिक्रमण कर रहे हैं। विरोध करने पर लोग मारपीट और फौजदारी पर अमादा हो जाते हैं। लोगों के अनुसार प्रकरण में पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया था। पुलिस की ओर से महंत परमेश्वर दास को थाने में बैठाए जाने की जानकारी होने पर उनके शिष्यों में आक्रोश हो गया। जबकि थाना परिसर में महंत भी बार–बार बैठाए जाने का कारण पूछ रहे थे। इंस्पेक्टर कपिलदेव चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाया गया था। थाने में बैठाए जाने की बात निराधार है।

छह जनसूचना अधिकारियों के वेतन से जुर्माना वसूलने का आदेश

देवरिया । राज्य सूचना आयोग के निर्देश के बावजूद आवेदक को समय से सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर आयोग ने जिले के छह जनसूचना अधिकारियों के वेतन से 25–25 हजार रुपये जुर्माने की राशि वसूलने का आदेश दिया है। क्षेत्र के अहिरौली बघेल गांव निवासी एवं आरटीआई कार्यकर्ता आनंद सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय, बीएसए, लेखाधिकारी कार्यालय, एडीओ पंचायत भाटपाररानी, ग्राम विकास अधिकारी बनकटा तथा प्रधानाध्यापक कार्यालय मंगल सिंह शिक्षण संस्थान छतरपुरा के जनसूचना अधिकारियों को अलग–अलग आवेदन देकर विभिन्न बिंदुओं पर सूचना उपलब्ध कराने की मांग की थी। समय से सूचना नहीं मिलने पर आवेदक ने राज्य सूचना आयोग में वाद दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने संबंधित जनसूचना अधिकारियों के विरुद्ध 25–25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए उन्हें स्पष्टीकरण देने का अवसर देते हुए सुनवाई की अंतिम तिथि निर्धारित की थी। हालांकि अंतिम सुनवाई के दौरान भी अधिकारी न तो आयोग के समक्ष प्रस्तुत हुए और न ही स्पष्टीकरण आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए। इस पर आयोग ने संबंधित सभी जनसूचना अधिकारियों के खिलाफ पूर्व में लगाए गए 25 हजार रुपये की जुर्माने की राशि उनके वेतन से तीन समान किस्तों में वसूली कर आयोग के अधिसूचित लेखा शरीर्ष में जमा करने का आदेश दिया है।

मेधावियों को स्वर्ण पदक देकर किया सम्मानित

महाराजगंज । परमहंस पाल महाविद्यालय परिसर में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक एनबी पाल व प्राचार्य कनकेश्वर पांडेय ने बीए प्रथम सेमेस्टर की विनीता, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की रितिका राव, प्रज्ञा सैनी, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रीति चौहान, बीए तृतीय सेमेस्टर की सौम्या गुप्ता, बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की अंबालिका सिंह, एमए (समाजशास्त्र) प्रथम सेमेस्टर की सलमा खातून व ऋषिपाल गौतम व एमए. (हिंदी) प्रथम सेमेस्टर की विनीता यादव को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी विनोद सिंह, वीरेंद्र गिरी, बलराम चौधरी, योगेंद्र यादव, जय प्रकाश यादव, रवि प्रकाश यादव, बीरेंद्र भारती, भूपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

दो रूट पर हो रही यात्रियों की जेब ढिली

महराजगंज। स्थानीय बस स्टेशन से यात्रियों को बेहतर सुविधा नहीं मिल रही है। रोडवेज की सेवा के लिए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महराजगंज से घुघली और पनियरा जाने वाली सेवा बंद हो गई है। फरेंदा जाने वाली एक बस कम हो गई है। यात्रियों को कई बार वाहन बदलकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। किराया भी ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, महराजगंज डिपो में कुल 48 बसों का संचालन होता है। इनमें 15 अनुबंधित बसें शामिल हैं। परिचालकों की कमी के कारण महराजगंज से घुघली, पनियरा जाने वाली बस सेवा बंद है। फरेंदा जाने वाली एक बस बंद है। इसके अलावा भी जिस रूट पर परिचालक छूट्टी पर चले जाते हैं, वह सेवा ठप हो जाती है। ऐसे में निजी वाहन संचालकों की चांदी है। महराजगंज से घुघली और पनियरा ऑटो से जाना पड़ता है। इसमें दो जगहों पर सवारी बदलने के बाद यात्री गंतव्य तक पहुंच पाते हैं। हरखा प्यास के रहने वाले मकसूदन ने बताया कि बीते दिन जिला मुख्यालय कुछ कार्य से आए तो रोडवेज की सेवा नहीं मिली। ऑटो से शिकारपुर गया, इसके बाद घुघली और घुघली से हरखा प्यास पहुंचा। इसमें एक तरफ से 70 रुपये से अधिक किराया देना पड़ा। अगर रोडवेज की बस मिलती तो 40 रुपये में ही काम चल जाता। फरेंदा जा रहे चंदन पांडेय ने बताया कि महराजगंज जिला मुख्यालय है। यहां से फरेंदा जाने के लिए रोडवेज बस समय से नहीं मिलती है। यात्रा करने में परेशानी होती है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वजीत वर्मा ने बताया कि परिचालकों की कमी से तीन रूट प्रभावित हो रहा है। परिचालक मिलते ही सेवा बेहतर की जाएगी।

सबसे पहले होगी डाक मतपत्रों की गणना

नगर निकाय चुनाव के मतगणना पर्यवेक्षक, सहायक, अतिरिक्तमतगणना सहायक के प्रशिक्षण के लिए नामित मास्टर ट्रेनर को दिया गया प्रशिक्षण

देवरिया। मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त गणना सहायक के प्रशिक्षण के लिए नामित मास्टर ट्रेनरों को विकास भवन के गांधी सभागार में प्रशिक्षित किया गया। प्रभारी अधिकारी कार्मिक व प्रशिक्षण एवं सीडीओ रवींद्र कुमार ने कहा कि मतपेटियों की जांच रिटर्निंग अधिकारी जरूर करें कि मतदान स्थल की मतपेटिकाएं ठीक स्थिति में प्राप्त हुई हैं, ताकि समय से मतगणना का कार्य शुरू हो सके। सभी पदों के लिए डाक मतपत्रों की मतगणना सबसे पहले की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी लिफाफों को खुलवाएंगे। मतपत्र की संख्या का मिलान करेंगे।

कहा कि निर्वाचन विवरणी में पोस्टल बैलेट की गणना का प्रत्याशीवार मतों का विवरण पहले दर्ज किया जाएगा। इसके बाद मतदान स्थल वार मतपत्रों की गणना का कार्य किया जाएगा। मतपेटिका की मतगणना मेज पर आने के बाद गणना पर्यवेक्षक उसकी जांच करेंगे। इसके बाद मतपेटिका को उम्मीदवारों, अभिकर्ताओं को दिखाया जाए और उसमें से मतपत्रों को निकालकर खाली मतपेटिका अभिकर्ताओं को दिखाई जाए। सावधानी रखी जाए कि कोई मतपत्र मतपेटिका के अंदर न रह जाए। हर मतपेटी में सदस्य, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद व अध्यक्ष नगर पंचायत के लिए डाले गए मतपत्र अलग–अलग रंग के होंगे। रंगों के आधार पर उन्हें अलग–अलग छांटा जाएगा। उसे उलटा रखते हुए 50–50 मतपत्रों की गड्डी बनानी होगी। 50 से कम मतपत्र बचते हैं तो उसकी अलग गड्डी बनाई जाएगी।

कहा कि अलग–अलग पदों के लिए बनाई गई गड्डियों में से अध्यक्ष तथा सदस्य पद के मतों की गणना प्रत्याशीवार एक साथ की जाएगी तथा विवरण प्रारूप पर गणना पर्यवेक्षक तैयार कर संबंधित वार्ड के सदस्य पद के लिए नियुक्त रिटर्निंग अधिकारी को देंगे। रिटर्निंग अधिकारी सदस्य पद का मतदान स्थलवार परिणाम निर्धारित प्रारूप पर तैयार करेंगे। संदिग्ध मतपत्रों को एक अलग बंडल में रखा जाएगा। मतपत्रों को अस्वीकृत किए जाने के आधार निर्देश पुस्तिका के प्रस्तर–11 तथा मतपत्रों को रद्द नहीं किए जाने के आधार प्रस्तर–12 में दिए गए हैं। मतपत्रों को अस्वीकृत किए जाने के आधार, पुनर्गणना, मतगणना के समय मतपत्रों को नष्ट किया जाना और उसकी क्षति आदि, मतों की समानता, निर्वाचन परिणाम की घोषणा, सूचना, मतपत्रों तथा मतगणना अभिलेखों को सील करना गणना के बाद रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी को अभिलेखों का अलग–अलग पैकेट बनाना होगा। इसमें वैध मतपत्रों का एक बंडल, निरस्त किए गए मतपत्रों का एक बंडल प्रत्याशियों को प्राप्त किए गए मतों की गणना के प्रपत्र, मतगणना के बाद सभी अभिलेखों के बंडल तथा मतपत्रों के बंडलों को रिटर्निंग अधिकारी सील कराएंगे। मतगणना स्थल पर प्रत्याशी व गणना अभिकर्ता को सील किए गए मतपत्रों पर अपनी–अपनी मुहर व मतगणना सील लगाने दिया जाएगा।

उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालयों पर छाया सन्नाटा

घर व चाय की दुकान पर बैठकर गुणा गणित करने में जुटे

सलेमपुर। जिन उम्मीदवारों के चुनाव कार्यालय पर हर रोज सैकड़ों समर्थकों का बैठना–उठना लगा रहता था, उन कार्यालयों पर सन्नाटा पसरा था। हालात ऐसा था कि मतदान को लेकर कोई उम्मीदवार अपने घर तो कोई उम्मीदवार चाय की दुकान पर बैठकर समर्थकों के साथ गुणा–गणित करने में जुटा रहा। वहीं कुछ उम्मीदवार नगर का भ्रमण कर समर्थकों का उत्साहवर्धन करते रहे तो कई अपने घर में आराम फरमाते। नगर निकाय चुनाव को लेकर आदर्श नगर पंचायत सलेमपुर से 18, नगर पंचायत भटनी बाजार से 12, नगर पंचायत मझौली राज से 23 व नगर पंचायत लार से 13 उम्मीदवार मैदान में रहे। प्रथम चरण में आदर्श नगर पंचायत सलेमपुर में 61.51:, नगर पंचायत मझौली राज में 58:, नगर पंचायत लार में 60.12: व नगर पंचायत भटनी बाजार में 66.91: मतदान हुआ। जिसके बाद उम्मीदवार अपने समर्थकों के बीच बैठकर मतदान के गुणा गणित बैठाने में जुटे हुए हैं। चुनाव कार्यालयों की हालत यह अब यह रही कि जहां से रोजाना सैकड़ों समर्थक व पदाधिकारी चुनाव में पूरी ताकत झोंके हुए थे। वह अब वीराना हो गया है। यहां न तो प्रत्याशी दिखाई दे रहे हैं और न ही उनके समर्थक दिखाई दे रहे हैं। कुछ उम्मीदवार अपने घर या चाय की दुकान पर समर्थकों के साथ बैठकर मतदान के गुणा–गणित में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ उम्मीदवार ऐसे भी हैं, जो मतदान होने के बाद से अब तक अपने घर से बाहर नहीं निकले हैं। उधर जगह–जगह से मिल रही रिपोर्ट सुनकर समर्थक खासे उत्साहित हैं। सलेमपुर, भटनी, लार व मझौली राज नगर पंचायत का रण कौन जितेगा या कौन हारेगा, इसका फैसला तो जनता ने अपना मत देकर कर दिया है। लेकिन जनता ने किन मुद्दों को लेकर स्थानीय सरकार चुनी है, इसका परिणाम 13 मई को आ जाएगा।

पुलिस ने मां से बिछड़े मासूम बच्चे को मिलाया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

महराजगंज। ललाइन पैसिया में अपनी मां के साथ रिश्तेदारी में आया तीन वर्षीय मासूम भटक कर पहुचा ललाइन पैसिया के चौराहे पर बताते चले कि हथियागढ़ निवासी जयंती पत्नी देवानन्द अपने तीन वर्षीय मासूम बच्चे के साथ शुक्रवार को ललाइन पैसिया में अपने रिस्तेदार रामपत के घर आई थी। शनिवार को सुबह अचानक उसका तीन वर्षीय पुत्र गायब हो गया। इससे परिजन भी परेशान हो गए। बच्चे को ढूंढने लगे। बच्चा भटकते हुए ललाइन पैसिया के चौराहे पर पहुंच गया। वहां खड़ा होकर रो रहा था। यह देख लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। थोड़ी ही देर में प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम राव, चौकी इंचार्ज शोभनाथ मौके पर पहुंचे। बालक अपना नाम और पहचान नहीं बता पा रहा था। थानाध्यक्ष ने बिछड़े बच्चे की सूचना तत्काल सोशल मीडिया पर डाल दिया। ग्रामीणों की मदद से मात्र दो घंटे में ही पुलिस परिजनों को ढूंढ निकाली। बालक की मां जयंती देवी व उसके परिजनों को बुलाकर बालक को सौंप दिया। बच्चे पर ध्यान रखने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक पुरुषोत्तम राव ने बताया कि मां से बिछड़े बच्चे को सोशल मीडिया व ग्रामीणों की मदद से दो घंटे में उसके परिवार से मिला दिया गया।

बरामदगी होती रहती है और धधकती रहती हैं शराब की भट्ठियां

कार्रवाई में अधिकतर पकड़ी जाती हैं महिलाएं, कच्ची शराब बनने पर नहीं लग पा रही रोक

महराजगंज। कच्ची दारू पर रोक लगाने में सिस्टम फेल हो गया है। मार्च व अप्रैल में कच्ची दारू की बरामदगी बयां कर रही है श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र का बेलासपुर नर्सरी धंधेबाजों का महफूज ठिकाना बन चुका है। यहां बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बनाया जाता है और गैलन में भरकर चिह्नित स्थानों पर भेजा जाता है। कच्ची दारू के निर्माण में जंगल की लकड़ी को जलौनी के रूप में धंधेबाज इस्तेमाल कर क्षति पहुंचा रहे हैं। शराब निर्माण में सिर्फ महिलाएं ही संलिप्त हैं। यहां हर शाम शौकीनों की भीड़ जमा होती है। हैरत की बात यह है कि पुलिस हर माह कच्ची दारू के खिलाफ अभियान चलाती है और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया जाता है। इसके बावजूद यह धंधा फलफूल रहा है। पुलिस ने जिन्हें कच्ची दारू के साथ पकड़ती है, उनके पास से मात्र दस लीटर दारू ही बरामद होता है। आबकारी निरीक्षक अमित कुमार दूबे ने बताया कि कच्ची दारू बंद कराया जा रहा है। समय–समय पर कार्रवाई की जाती है।

मार्च में बेलासपुर नर्सरी में ज्यादा हुई बरामदगी

27 मार्च 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ माया देवी निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया था। 20 मार्च को दस लीटर कच्ची शराब के साथ मंशा देवी निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। 19 मार्च को दस लीटर कच्ची दारू के साथ रीना निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। 17 मार्च को दस लीटर कच्ची दारू के साथ लिलावती निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। छह मार्च 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ बिन्दु देवी निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। पांच मार्च 2023 को दस लीटर कच्ची दारू बेलासपुर नर्सरी में बरामद किया गया। पांच मार्च 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ राधिका निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। पांच मार्च 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ पार्वती निवासी बेलापुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया।

आखिर हर बार क्यों बरामद होता मात्र दस लीटर दारू

छह अप्रैल को दस लीटर कच्ची दारू के साथ इंद्रावत निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। सात अप्रैल को दस लीटर कच्ची दारू के साथ इसरावत निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। 12 अप्रैल को दस लीटर कच्ची दारू के साथ लिलावती निवासी बेलासपुर नर्सरी पर कार्रवाई की गई। 13 अप्रैल 2023 कोदस लीटर कच्ची दारू के साथ धनवन्ती देवी निवासी बेलासपुर नर्सरी पर कार्रवाई की गई। 13 अप्रैल 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ प्रतिभा निवासी कुड़वा उर्फ मुड़कटिया पर कार्रवाई की गई। 18 अप्रैल 2023 को दस लीटर कच्ची दारू के साथ शर्मिला निवासी बेलासपुर नर्सरी को गिरफ्तार किया गया। 23 अप्रैल को 1दस लीटर कच्ची दारू के साथ बिन्दा निवासी बेलासपुर नर्सरी पर कार्रवाई की गई। 30 अप्रैल को दस लीटर कच्ची दारू के साथ तिलसरा देवी निवासी लंगड़ी चौराहा पर कार्रवाई की गई।

.कच्ची दारू पीने से हो चुकी हैं मौतें

सात मार्च 2016 को सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी 18 वर्षीय गिरिजेश की कच्ची दारू पीने से मौत हुई थी। परिजनों ने मृतक के पांच मित्रों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। 22 जनवरी 2017 को बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम खरिहनियां के सिवान में स्थित एक खेत में बरडांड़ के टोला बरगदही निवासी संजय की कच्ची दारू पीने से मौत हुई थी। श्यामदेउरवा क्षेत्र के ग्राम लखिमा दलित बस्ती निवासी ओमप्रकाश गोरखपुर जिले के ग्राम हड़खोडा के पास एक ईंट–भट्टे पर ईंट पाथने का काम करते थे। लोगों के मुताबिक 10 फरवरी 2019 को ईंट–भठ्ठे पर अधिक मात्रा में कच्ची दारू पीने से ओमप्रकाश की हालत खराब हो गई। उसके साथ काम करने वाले साथी इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे। इस बीच ओमप्रकाश की मौत हो गई। 21 सितंबर 2012 को सूरपार नर्सरी में कच्ची दारू पीने से एक व्यक्ति की हालत बिगड़ गई थी। डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए। चौतरवा का रहने वाला देवी प्रसाद भी कच्ची शराब के चलते मर चुका है। इसी जमुहरा का रहने वाले रामउजागिर की मौत भी कच्ची दारू के चलते हो चुकी है।

चित्रगुप्त मंदिर परिषर में व्यापारियों एवं नागरिकों की आवश्यक बैठक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। नगर पालिका नौतनवा में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिषर में श्री बालाजी महाराज के प्रोग्राम को लेकर स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों की बैठक में महराजगंज जिला कमेटी व नौतनवा नगर कमेटी का विस्तार किया गया। जानकारी देते चले कि, बैठक में श्री बालाजी धाम हांसी सेवा समिति के सौजन्य से राम मनोहर लोहिया पी जी कॉलेज खनुवा चौराहा, नौतनवा में दिव्य दरबार एवम संकीर्तन का आयोजन दिनांक 28, 29, 30 मई 2023 रविवार, सोमवार, मंगलवार रात्रि 08.00 बजे से होने की जानकारी साझा की गई। उक्त कार्यक्रम में पहुचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी ने इस मौके पर नगर व जिला इकाई का विस्तार करते हुवे युवा जिला संरक्षक रामा शंकर जयसवाल, युवा जिलाउपाध्यक्ष राजीव जयसवाल, विकास जैन, नगर संरक्षक ईश्वर चंद्र अग्रवाल, नगर संगठन मंत्री संतोष जयसवाल को मनोनीत करते हुवे उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर युवा जिला महामंत्री अनिल श्रीवास्तव, युवा जिला उपाध्यक्ष सचिन जायसवाल, दुर्गेश जायसवाल, नगर संरक्षक सुधाकर जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष दुर्गा मद्धेशिया, नगर महामंत्री आनन्द श्रीवास्तव, प्रमोद जायसवाल, अजय श्रीवास्तव, गौतम जायसवाल, ईश्वर जायसवाल सहित नहर के प्रबुद्ध जनों में विजय श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, जन्मेजय सिंह, जितेन्द्र यादव, दयाराम जायसवाल, कृष्ण मुरारी जायसवाल, सरवन अग्रहरी आदि की उपस्थिति रही।

जमीन के कागजात की जांच में चूक हुई तो खानी पड़ेगी दर–दर की ठोकरें

महराजगंज। जमीन लेने के पहले प्रपत्रों की पूरी तरह से जांच कर लें, नहीं तो इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मुकदमे की तारीख देखने के साथ ही दर–दर की ठोकरें खानी पड़ेंगी। जालसाज झांसे में लेकर बंजर व सार्वजनिक जमीन को बेचकर रकम बना ले रहे हैं। जमीन लेने के बाद फंसे हुए लोगों की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। कोई थाने का चक्कर लगा रहा है तो कोई कोर्ट में तारीख देख रहा है। जमीन के इस कारोबार में करोड़ रुपये का वारा–न्यारा हो जा रहा है, लेकिन गड़बड़ी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि आप जिले में कहीं जमीन खरीदने जा रहे हैं तो जालसाजों से सावधान रहें। जमीन बेचने के दौरान रेट से लेकर कागजी प्रक्रिया में चिकनी चुपड़ी बातें कर अपने जाल में फंसाने वाले बिचौलिए जैसे तैसे जमीन बेचकर किनारे हो जाते हैं। इस प्रक्रिया में उनका दिमाग लगता है। यदि जमीन खरीदने वाला सीधे तहसील पहुंचे तो वह भी उलझ जाएगा। क्योंकि, वहां भी बिचौलियों की सेटिंग रहती है। खरीदार को वही जानकारी मिलेगी तो बिचौलिए चाहेंगे। जमीन बिकने के बाद रकम लेकर बिचौलिए ज्यों किनारे होते हैं, परत दर परत खुलने लगती है। यह सबकुछ होने के बाद थाने से लेकर न्यायालय तक चक्कर लगाना पड़ता है। जमीन से जुड़ी कोई पत्रावली तैयार करानी पड़ती है तो बगैर रकम खर्च किए कोई काम नहीं होता है। इस पूरे खेल में जमीन खरीदने वाले ही फंसते हैं। उनके पास कोई चारा भी नहीं होता है। पहले मोटी रकम खर्च कर जमीन खरीदी फिर मुकदमा झेलने में रकम खर्च करना पड़ता है। अधिवक्ताओं की सलाह है कि जमीन खरीदने से पहले सारी जानकारी हासिल कर लें।

मतदान हेतु मतपेटिकाओं तता स्ट्रील ट्रंक की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये: जिला मजिस्ट्रेट

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (न0नि0) चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद से निर्गत सार्वजनिक सूचना के आधार पर जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सम्पन्न कराये जा रहे हैं, जनपद में मतदान 11 मई, 2023 तथा मतगणना दिनांक–13मई, 2023 को होना निर्धारित है, मतदान तथा मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची की कार्य प्रति 06 मई, 2023 तक पूर्ण करा लिया जाये, वोटर पर्ची के वितरण का कार्य 06 मई 2023 तक पूर्ण करा लिया जाये तथा अवशेष मतदाता पर्चियों के साथ बी0एल0ओ0 को मतदान स्थल पर 11 मई, 2023 को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित कर दिया जाये। मतदान हेतु मतपेटिकाओं तथा स्टील ट्रंक की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाय। पार्टी प्रस्थान दिवस दिनांक–10 मई 203 को 3–3 कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाय जिससे कोई भी मतपेटी को खोलने में आ रही दिक्कतों को तत्काल दूर कर दिया जाये, मतदान पर्टियों की रवानगीध्वापसी के समय सम्बन्धिातों को उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री एवं वापस प्राप्त करने हेतु स्थानों का निर्धारण कर तैयारी सुनिश्चित करा ली जाय एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लिखित में लगा दी जाय, 06 मई 2023 को तहसील मुख्यालयों में होने वाली मतपत्रों की पैकेटिंग हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी जाय जिससे रिटर्निगध्सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने पर्यवेक्षण में मतपत्रों की पैकटिंग पूर्ण करा सके, निकायवार मतदान स्थलों के निर्माण हेतु कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित कर ली जाय जिससे मतदान से एक दिन पूर्व समस्त मतदान स्थलों का निर्माण पूर्ण करा लिया जाये, निकायवार चिन्हित किये गये पिंक बूथों की साज–सज्जा सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी के सहयोग से पूर्ण करा ली जाये। मतदान स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थायें निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पूर्ण करा ली जाय, मतपेटी सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम का निर्माण पूर्ण करा लिया जाय तथा पी0डब्ल्यू0डी0 एवं विद्युत विभाग से एन0ओ0सी0 भी प्राप्त कर ली जाय, मतगणना हेतु मतगणना हाल का निर्माण ससमय पूर्ण करा लिया जाय तथा मतगणना हेतु मतपेटी लाने तथा मतगणना के उपरान्त मतपत्रों के पैकेटिंग हेतु निकायवार कर्मचारियों की तैनाती कर ली जाय, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु एफ0एस0टी0 तथा एसएसटी टीमों की मॉनिटरिंग प्रतिदिन सुनिश्चित की जाये, समस्त व्यवस्थायें ससमय पूर्ण करा ली जाय जिससे आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराये जा सके।

स्वतंत्र निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं अधिक से अधिक मतदान के लिये किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। नगर निकाय चुनाव–2023 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत 06.05.2023 को पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार, उपजिलाधिकारी घोरावल रमेश कुमार तथा असिस्टेंट कमाँडेंट सरोज कुमार 91 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रॉबर्ट्सगंज द्वारा स्थानीय पुलिस टीम, पीएसी एवं पैरामिलिट्री फोर्स (रैपिड एक्शन फोर्स) के साथ थाना घोरावल क्षेत्रान्तर्गत मुख्खा मोड़ से कस्बा चौकी होते हुए तिराहा होते हुए कोहरथा मोड़ होते हुए शिवद्वार रोड से खुटहां मोड़ तक फ्लैग मार्चध्एरिया डोमिनेशनु किया गया। फ्लैग मार्चध्एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया। क्रिटिकल मतदान केंद्रों, बूथ व मजरों का भ्रमण कर जनता में सुरक्षा का वातावरण तैयार किया गया। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के दृष्टिगत जनता को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया।

पांच दिन से अंधेरे में है 40 हजार आबादी

देवरिया। कंचनपुर। पांच दिन बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं होने से तरकुलवा और पथरदेवा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों की करीब 40 हजार आबादी अंधेरे में हैं। उन्हें बिजली–पानी के लिए तरस जाना पड़ा है। सोमवार शाम आई आंधी–पानी और ओलावृष्टि के चलते लगभग 60 बिजली के खंभे व तार क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे लड़खड़ाई तरकुलवा सबस्टेशन की बिजली आपूर्ति व्यवस्था पांच दिनों बाद भी पटरी पर नहीं लौट सकी है। निगम का कहना है कि समस्या दूर कर जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

सोमवार शाम आंधी के बीच बारिश व ओलावृष्टि से तरकुलवा सबस्टेशन की बिजली आपूर्ति व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। तेज हवा के चलते तरकुलवा, बालपुर श्रीनगर, जमुनी, दुबेटोला, बसंतपुर धूसी, कंचनपुर, पथरदेवा, बंजरिया आदि गांवों और कस्बों में पेड़ उखड़कर बिजली के खंभों और तारों पर गिर गए थे। इससे करीब 60 बिजली के खंभे और तार क्षतिग्रस्त हो गए। सबस्टेशन से जुड़े गढ़रामपुर, तरकुलवा, पथरदेवा, कंचनपुर आदि कस्बों समेत लगभग 300 गांवों की बत्ती गुल हो गई थी। काफी मशक्कत के बाद बिजली कर्मियों ने एक दिन बाद मंगलवार को गढ़रामपुर फीडर की सप्लाई चालू की थी। जबकि बड़ा फॉल्ट होने के कारण पथरदेवा, तरकुलवा और बंजरिया फीडर की सप्लाई 84 घंटे बाद शाम तक चालू नहीं हो सकी थी। इससे पथरदेवा, बंजरिया, कंचनपुर आदि कस्बों सहित लगभग 200 से अधिक गांवों की आपूर्ति ठप थी। पेड़ गिरने से मोहन मुण्डेरा, बरई पट्टी, दुबेटोला आदि कई गांवों के ट्रांसफार्मर भी जल गए थे। लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर जवाब दे गए और मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। कस्बे से लगायत गांवों तक लोगों को पानी की बूंद–बूंद के लिए तरसना पड़ा। शादी–विवाह, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्यक्रमों की तैयारियों में लगे परिवारों को भारी दुश्वारियां झेलनी पड़ी। हर ओर हाहाकार मचा हुआ था। संपन्न लोग अपने घरों में जेनरेटर लगाकर गर्मी से राहत ले रहे थे, लेकिन गरीब और असहाय लोग पल–पल बिजली आपूर्ति चालू होने का इंतजार कर रहे थे। बिजली निगम के कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों और तारों को ठीक किया। तब जाकर सुबह करीब सौ से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

निकाय चुनाव: शहरी होने का मान पर मतदान में सबसे पीछे नाम

आंकड़े बता रहे अधिक पढ़ने–लिखने वालों ने मतदान में नहीं दिखाई रुचि

देवरिया। जनपद की 17 नगर निकायों का मतदान का प्रतिशत सामने आ चुका है। इसमें दिलचस्प यह है कि जिन्हें शहरी होने का मान था, उनका नाम मतदान करने वालों की सूची में सबसे पीछे रह गया। हम बात कर रहे हैं देवरिया नगर पालिका की। कहने को तो देवरिया शहर जनपद के अन्य कस्बों–नगरों की साक्षरता, आद्योगिक आस्थान आदि की तुलना में आगे है, लेकिन मतदान का जो आंकड़ा सामने आया है, उससे तो साफ जाहिर होता है कि इस बार के चुनाव में अधिक पढ़ने–लिखने वालों ने मतदान करने में रुचि नहीं दिखाई है। पूरे जनपद में कुल 60.89 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें सबसे कम देवरिया नगर पालिका के लिए वोट पड़े। यहां महज 47 प्रतिशत पोलिंग हुई है। यहां 86,903 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने में सुबह से जो पिछड़े तो पिछड़ने का यह सिलसिला अंत तक यानी शाम छह बजे तक भी नहीं टूट सका। देवरिया नगर पालिका में जनपद की अन्य नगर निकायों की अपेक्षा सर्वाधिक 186,229 मतदाता हैं। इसमें पुरुष 100,382 और महिला मतदाता 85,847 हैं। यहां वार्डों की संख्या 33 है। यहां मतदाताओं की सहूलियत के लिए सर्वाधिक 60 मतदान केंद्र तो 189 मतदान स्थल बनाए गए थे। शहर के कई मतदान केंद्र सुबह से लेकर दोपहर तक खाली रहे। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कम भीड़ नजर आई। इस बार नगर पालिका में आठ नए वार्डों को जोड़ा गया था। और उम्मीद जताई जा रही थी कि इस बार पिछली बार से अधिक मतदान होगा। लेकिन सुबह से ही बूथों पर दिखी सुस्ती शाम तक बनी रही और छह बजे तक महज 47 प्रतिशत वोट ही पोल हो पाए। यहां 46412 पुरुष, जबकि 40491 महिला मतदाताओं ने शहर की सरकार चुनने के लिए वोट किया है।

सपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करने कर्नाटक पहुंचे अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कर्नाटक प्रदेश में हो रहे विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार के लिए तीन दिवसीय दौरे पर हैं। अखिलेश यादव 5 मई से 7 मई तक कर्नाटक विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएगें। कर्नाटक विधान सभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने 14 प्रत्याशी उतारे है। समाजवादी पार्टी कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष एन मनजप्पा विधान सभा क्षेत्र चित्रदुर्ग, एल गिरीश विधान सभा क्षेत्र चेन्ना पटना,नागराज के एस विधान सभा क्षेत्र यशवंतपुर, थम्मप्पा सी विधान सभा क्षेत्र कोलार, आर वेणुगोपाल विधान सभा क्षेत्र बेल्लारी सिटी, पारश्रेरम विनायक विधान सभा क्षेत्र सोराभा, रूद्र गौडा डी पाटिल विधान सभा क्षेत्र अफजलपुर, ए वी नारायन विधान सभा क्षेत्र डोड्डा बल्लापुर, सम्पूर्ण गौडा विधान सभा क्षेत्र बातारायनपुरा, मोनी सैफुल्ला विधान सभा क्षेत्र सर्वज्ञा नगर, जयप्पा पीएस विधान सभा क्षेत्र होललकेरे, स्वामी जी विधान सभा क्षेत्र जगलुर, अफसर खान विधान सभा क्षेत्र पदमनाभ नगर, मडे गौडा विधान सभा क्षेत्र मगाडी से प्रत्याशी है। समाजवादी पार्टी इन विधानसभा क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ रही है। चुनावी दौरे के पहले दिन श्री अखिलेश यादव ने 5 मई को समाजवादी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में गुलबर्गा और अफजलपुर विधानसभा क्षेत्रों में सभा कर जिताने की अपील की।

जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

जिलाधिकारी	मो0:– 9454417530
मुख्य विकास अधिकारी	मो0:– 9454464749
एस डीएम नौगढ़	मो0:– 9454415936
एस डीएम बांसी	मो0:– 9454415937
एस डीएम डुमरियागंज	मो0:– 9454415939
एस डीएम इटवा	मो0:– 9454415939
एस डीएम शोहरतगढ़	मो0:– 9454415940
पुलिस अधीक्षक	मो0:– 9454400305
थाना मोहाना	मो0:– 9454404239
थाना जोगिया उदयपुर	मो0:– 9454404235
थाना गोलौरा	मो0:– 9454404233
थाना पथरा बाजार	मो0:– 9454404240
थाना त्रिलोकपुर	मो0:– 9454404243
थाना उसका बाजार	मो0:– 9454404244
थाना शोहरतगढ़	मो0:– 9454404241
थाना खेसरहा	मो0:– 9454404236
थाना इटवा	मो0:– 9454404234
थाना चिल्हिया	मो0:– 9454404229
थाना ढेबरूआ	मो0:– 9454404230
थाना भवानीगंज	मो0:– 9454404228
थाना मिश्रौलिया	मो0:– 9454404238
थाना सि0नगर	मो0:– 9454404242
थाना डुमरियागंज	मो0:– 9454404232
थाना लोटन	मो0:– 9454404237
महिला थाना	मो0:– 9454404891

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

प्रेम प्रसंग में हुई हत्या का एसपी नाथ ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

कैंपियरगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मेहदावल निवासी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। प्रेम प्रसंग में हत्या कर फरार हुए अभियुक्त को

कैंपियरगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बान टोला जलाल निवासी पिंटू निषाद की गला दबाकर हत्या करने वाले हत्यारे चुन्नू यादव मेहदावल को कैंपियरगंज पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया पुलिस लाइन वाइट हाउस सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बान टोला निवासी एक युवती पिंटू और उसी गांव के एक औरत से अभियुक्त चुन्नू यादव का प्रेम प्रपंच चल रहा था दोनो व्यक्ति अपने अपने माशूका से मिल रहे थे लेकिन जब पिंटू द्वारा चुन्नू को टोका गया कि तुम मेहदावल से आकर हमारे गांव की औरत के साथ यह क्या काम कर रहे हो चुन्नू को नागवार लगा लड़की के सामने पिंटू निषाद को उठाकर पटक दिया और गला दबाकर हत्या कर फरार हो गया जब पुलिस द्वारा औरत से कड़ाई से पूछताछ किया गया तो पर्दे के पीछे से सभी राज खुल गए और अभियुक्त चुन्नू यादव को कैंपियरगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया अभियुक्त के पास से मृतक पिंटू का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया प्रेस वार्ता के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षकध्सीओ चौरी चौरा मानुष पारीक व क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज रत्नेश्वर सिंह रहे मौजूद।

राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शनिवार को उपजिलाधिकारीध्क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में राजकीय इंटर कॉलेज घोरावल में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्रध्छात्राओं से निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की गयी। तथा '''मिशन शक्ति''' अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे–वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने–अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया। वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस–पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930ध112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन रोकने के लिये चला अभियान

अवैध परिवहन और ओवर लोडिंग करने वाले 62 वाहनों का चालान किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में ओवर लोडिंग व अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में सहदेव मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) के नेतृत्व में 04 व 05 मई, को अवैध परिवहन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान परिवहन व वाणिज्य कर विभाग के साथ संयुक्त अभियान लोढ़ी बैरियर से होकर आने वाले उपखनिज के अवैध परिवहन के सम्बंध मे सघन जाँच किया गया, जिसमे कुल 62 वाहनों को ओवरलोड होने के कारण एम0चेक ऐप के द्वारा ऑनलाइन चालान की कार्यवाही किया गया, जिसमें 06 वाहनों को लोढ़ी बैरियर के अभिरक्षा में दिया गया तथा 41 वाहनों का वाहन स्वामियोंध्चालकों के द्वारा नोटिस की धनराशि को ऑनलाइन मौके पर जमा किया गया।

घायल बाज को मिला ठौर, पहुंचा चिड़ियाघर

गोरखपुर। एक घायल बाज, पिछले दो दिनों से महिला अस्पताल के गेट पर बैठा था। उसका पंख शायद पतंग के मंझे से कट गया था। जिसके कारण वह उड़ पाने में मजबूर था। चिकित्साकर्मियों के द्वारा उसके घाव पर दवा लगाया गया और खाने और पीने का इंतजाम किया गया। शनिवार को प्रमुख अधीक्षक डा. जयकुमार के निर्देश पर अमरनाथ जायसवाल के द्वारा डीएफओ विकास यादव को इसकी सूचना दी गई। इसी क्रम में डीएफओ के निर्देश पर रेस्क्यूवर बीरबल निषाद, अप्पू और अमरनाथ जायसवाल की की मदद से बाज को नीचे उतारा गया। तदुपरांत उसे अशफाक उल्ला खां प्राणी उद्यान भेजा गया जहां उसे बाज के बाड़े रखा गया।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
☎ 9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

सेहत के बारे में काफी कुछ बताते हैं कान, जानिए कैसे

क्या आपने कभी अपने कानों में कोई परिवर्तन या परेशानी महसूस की है? अगर हां तो ये लक्षण अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत हो सकते हैं और इन्हें नजरअंदाज करना मुसीबत खड़ी कर सकता है। हमारे कान हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें हमारी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के संकेत भी शामिल है। आइए आज हम आपको ऐसे ही 5 संकेतों के बारे में बताते हैं, जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए।

कम सुनाई देना: कम सुनाई देना अक्सर अनुवांशिक स्थितियों जैसे डाउन और टर्नर सिंड्रोम आदि से जुड़ा होता है। डाउन सिंड्रोम वाले लोगों में आमतौर पर अन्य शारीरिक बदलाव भी होते हैं। टर्नर सिंड्रोम सिर और गर्दन के तालमेल को प्रभावित कर सकता है और विकास सहित यौवन से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकता है। कम सुनाई देना दुर्लभ शार्प्रंजेंज–गोल्डबर्ग और जैकबसेन सिंड्रोम का भी लक्षण हो सकता है। कान नहीं होंठ भी आंतरिक समस्याओं के बारे में बताते हैं।

कर्णपालि पर लकीर: अगर आप अपने कान की कर्णपालि के बीच में लकीर देखते हैं तो यह आपके दिल के साथ संभावित समस्या का संकेत दे सकता है, जिसे फ्रैंक के संकेत के रूप में जाना जाता है। यह लकीर तब बनती है, जब दिल और कान के पास रक्त वाहिकाओं के आस–पास के ऊतक टूट जाते हैं। अगर आपको इस लक्षण के साथ सीने में दर्द या सांस की तकलीफ का अनुभव हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

एकतरफा बहरापन: एकतरफा बहरापन से मतलब है कि किसी एक कान से सुनाई न देना और इसके विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसमें कान में संक्रमण होना, मैल का जमाव या ध्वनिक न्यूरोमा नामक शामिल है। अगर यह ट्यूमर बढ़ता है और श्रवण तंत्रिका पर दबाव डालता है तो यह बहरेपन का कारण बन सकता है। ट्यूमर का पता लगाने के लिए चक्कर आना, चेहरे का लटकना और कानों में घंटी बजना जैसे अन्य लक्षणों पर ध्यान दें।

लाल कान: कान के लाल होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे धूप में रहना, हार्मोनल बदलाव या बुखार आदि। कभी–कभी कान लाल होना सामान्य बात है। हालांकि, अगर आप अक्सर माइग्रेन या क्लस्टर सिरदर्द के साथ लाल कान या जलन का अनुभव करते हैं तो यह रेड ईयर सिंड्रोम का संकेत हो सकता है। किसी भी अंदरूनी स्वास्थ्य समस्या की पहचान करने के लिए चिकित्सक जांच की ओर कदम बढ़ाएं।

कान में दर्द: कान में दर्द की समस्या कभी भी किसी को भी हो सकती है। यह समस्या काफी पीड़ादायक होती है और इसके कारण लोग बुखार से भी ग्रसित हो जाते हैं। अक्सर कान के अंदर गंदगी जम जाने या फिर किसी तरह के संक्रमण की वजह से कान में दर्द होने लगता है। हालांकि, कानों के दर्द को नजरअंदाज न करें क्योंकि यह गंभीर अंदरूनी स्वास्थ्य समस्याओं का भी संकेत हो सकता है।

वरुण धवन के साथ मानाडु के रीमेक से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे रवि तेजा?

बॉलीवुड में इन दिनों साउथ की फिल्मों के रीमेक का दौर चल रहा है। भोला, गुमराह, विक्रम वेधा, सेल्फी, शहजादा और दृश्यम 2 जैसी फिल्मों के बाद अब एक और रीमेक बनने वाली है। खबरों के मुताबिक, 2021 में आई तमिल फिल्म मानाडु के हिंदी रीमेक से रवि तेजा बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म को हिंदी और तेलुगू में रीमेक किया जा रहा है, जिसमें रवि के साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

बॉलीवुड में पिछले कुछ समय से बॉक्स ऑफिस पर रीमेक फिल्मों का हाल बेहाल नजर आ रहा है। अजय देवगन की दृश्यम 2 को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर फिल्में असफल ही साबित हुई हैं। 7 अप्रैल को रिलीज हुई आदित्य रॉय कपूर की गुमराह पहले ही दिन ढेर हो गई और भोला का प्रदर्शन ठीक–ठाक चल रहा है। अब मानाडु के रीमेक का प्रदर्शन इस बात पर निर्भर करेगा कि फिल्म अपनी मूल फिल्म से कितनी अलग होगी। रवि और वरुण की इस फिल्म के बारे में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही निर्देशक, प्रोडक्शन कंपनियों और बाकी कलाकारों के बारे में भी कोई अपडेट नहीं मिला है। कहा जा रहा है कि फिल्म को बड़े पैमाने पर बनाने की योजना है और जल्द निर्माता इसकी घोषणा करेंगे। बता दें कि यह वरुण की तीसरी रीमेक फिल्म होगी। इससे पहले वह कुली नंबर 1 और जुड़वा 2 के रीमेक में नजर आ चुके हैं। मानाडु एक तमिल साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है। इसकी कहानी मुख्यमंत्री की जनसभा के दिन एक आदमी और एक पुलिस अधिकारी के टाइम लूप में फंस जाने पर आधारित है, जो कोशिश करने के बाद भी इससे बाहर नहीं निकल पाते और उन्हें बार–बार एक ही दिन को जीना पड़ता है। फिल्म में सिलम्बरासन, एसजे सूर्या और कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। यह फिल्म सोनी लिव पर उपलब्ध है। वरुण हाल ही में भेडिया में कृति सैनन के साथ नजर आए थे, लेकिन उनकी फिल्म असफल साबित हुई। पिछले साल अभिनेता कियारा आडवाणी के साथ जुग जुग जियो में दिखे थे, जो ठीक–ठाक कमाई करने में सफल रही थी। अब वह जाह्नवी कपूर के साथ बवाल में नजर आने वाले हैं, जो इसी साल अक्टूबर में रिलीज होगी। इसके अलावा रवि की रावणासुर इसी शुक्रवार को रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों की ओर से बढिया रिस्पॉन्स मिल रहा है। साउथ सिनेमा के बहुत से सितारों ने पिछले साल बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिनमें रश्मिका मंदाना, विजय देवरकोंडा और नागा चौतन्य शामिल हैं। अब पृथ्वीराज सुकुमारन बड़े मियां छोटे मियां और नयनतारा जवान में नजर आने वाली हैं।

सिद्धार्थनगर का सबसे बड़ा प्रिंटिंग पब्लिकेशन हाउस...
बुद्ध पब्लिकेशन
ऑफसेट एण्ड प्रिन्टर्स
जी.एस.टी. बिल बुक/फार्म • कार्यालय रजिस्टर • स्कूल कापी/फार्म/डायरी • पम्पलेट
• कलर पोस्टर • कलर विजिटिंग कार्ड • कंप्यूटर लेटर पैड • बैंक फार्म
निकट–हीरो एजेन्सी चौराहा मधुकरपुर–सिद्धार्थनगर (उ.प्र.)
8795951917, 9453824459

फैटी लिवर को ठीक करने में मददगार हैं ये 5 सामग्रियां, डाइट में करें शामिल

फैटी लिवर एक बीमारी है और यह लिवर की कोशिकाओं में ज्यादा फैट जमा होने के कारण होती है। अगर समय रहते इस बीमारी का उपचार न किया जाए तो यह लिवर के खराब होने या लिवर कैंसर का कारण बन सकती है। आइए आज हम आपको 5 ऐसी सामग्रियों के बारे में बताते हैं, जो फैटी लिवर के जोखिम को बढने से रोकने समेत इसका प्राकृतिक रूप से उपचार करने में मदद कर सकती हैं।

हल्दी: हल्दी में मौजूद करक्यूमिन नामक खास तत्व लिवर की कोशिकाओं को नॉन–अल्कोहल फैटी लीवर रोग (ह्नस्नरुष्ठ) से बचाने में मदद करता है। इसी तरह करक्यूमिन में इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुण यानी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने वाला गुण होता है। इसके अलावा इसमें एंटी–प्रोलाइफरेटिव गुण होते हैं, जो श्वेत रक्त कोशिकाओं को बढ़ाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने का काम करते हैं। आप हल्दी को इन 5 व्यंजनों के जरिए अपनी डाइट का हिस्सा भी बना सकते हैं।

दालचीनी: दालचीनी में मौजूद एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण लिवर में सूजन को कम करने में प्रभावी होते हैं। इसमें मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड, फाइबर, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन– जैसे कई पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। ये तत्व लिवर को कई रोगों से सुरक्षित रखने में कारगर साबित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह एंटी–ऑक्सिडेंट और एंटी–बायोटिक गुणों से भरपूर होने के कारण पूरे स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है।

गोजी बेरी

एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर गोजी बेरी लिवर की बीमारियों सहित फैटी लिवर के जोखिम कम करने में मदद कर सकती है। एक शोध के अनुसार, गोजी बेरी में प्रोएन्थ्रोसिनेनिडिन– नामक एक खास कंपाउंड पाया जाता है, जो मूत्र मार्ग के संक्रमण को पैदा करने वाले कीटाणुओं को खत्म करके इससे राहत दिलाने में सहायक हो सकता है। यह इम्यूनिटी को बढ़ाकर संक्रमण और बीमारियों से शरीर को बचाए रखने में भी प्रभावी हैं।

मुलेठी

मुलेटी भी फैटी लिवर के जोखिम को कम करने में काफी मदद कर सकती है। इसका मुख्य कारण यह है कि इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के साथ–साथ हेपटोप्रोटेक्टिव यानी लिवर को सुरक्षित रखने गुण पाए जाते हैं। समस्या से बचाव के लिए मुलेठी के बीज के चूर्ण को आधे कप गरम पानी में मिलाएं और फिर इसे छानकर पी लें। इस प्रक्रिया को एक हफ्ते तक प्रतिदिन दोहराएं।

मिल्क थिसल टी

मिल्क थिसल सिलीमरीन नामक एक खास तत्व से युक्त होते हैं। इस तत्व में एंटी–ऑक्सीडेंट और डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं, जो फैटी लिवर के जोखिम को कम करने में सहायक साबित हो सकते हैं। समस्या के प्रभाव को कम करने के लिए 1 कप गर्म पानी में एक मिल्क थिसल टी बैग डूबोकर कुछ मिनट छोड़ दें। अब बैग को कप से निकालकर इसमें थोड़ा शहद मिलाएं और पी लें। इस प्रक्रिया को दिन में 2–3 बार दोहराएं।

सलमान–शाहरुख टाइगर 3 में करेंगे जबरदस्त एक्शन, जल्द शुरू होगी शूटिंग

वर्ष 2023 के बीते 4 महीनों में कई हिन्दी फिल्मों का प्रदर्शन हुआ लेकिन सफलता सिर्फ पठान (आल टाइम ब्लॉकबस्टर), तू झूठी मैं मक्कार (सुपर हिट) और किसी का भाई किसी की जान (हिट) को मिली। इन तीन फिल्मों की सफलता ने बॉलीवुड का समग्र ट्रैक रिकॉर्ड बेहतर बना रखा है। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी पठान अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बन गई है। इस फिल्म की सफलता में कई चीजें शामिल थीं, उनमें से एक सलमान खान की कैमियो उपस्थिति थी, जिसने टाइगर की अपनी भूमिका को दोहराया। जिस तरह से उन्होंने पठान (शाहरुख खान) को बचाया और जिस तरह से दोनों बदमाशों से लड़ते हैं, उसने देश भर के सिनेमाघरों में एक उन्माद पैदा कर दिया।

सलमान खान की टाइगर–3 इस वर्ष दीपावली के अवसर प्रदर्शित होने जा रही है। यह सामान्य ज्ञान है कि सलमान खान स्टारर इस फिल्म में पठान अतिथि भूमिका में दिखाई देंगे। नतीजा बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धूम धड़ाका, जिसकी उम्मीद पूरे हिन्दी फिल्म उद्योग को है। समाचारों के अनुसार सलमान खान और शाहरुख खान को लेकर फिल्माया जाने वाला दृश्य मई के दूसरे सप्ताह से शुरू होने जा रहा है। बॉलीवुड हंगामा के अनुसार शाहरुख खान 8 मई से टाइगर–3 के अपने कैमियो का शूट शुरू करने वाले हैं।

शाहरुख और सलमान 8 मई से उक्त सीक्वेंस के लिए शूटिंग करेंगे। फिल्मांकन वाईआरएफ (यश राज फिल्म्स) स्टूडियो में होगा और लगभग 5 से 7 दिनों तक चलने की उम्मीद है।

मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित टाइगर 3 में सलमान खान के साथ कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी सह–कलाकार हैं। बताया जा रहा है कि मनीष और निर्माता आदित्य चोपड़ा ने इस दृश्य के लिए व्यापक तैयारी की है। वे जानते हैं कि पठान में शाहरुख खान और सलमान खान के बीच के सीक्वेंस को दर्शकों ने खूब सराहा है। टाइगर 3 के साथ, निर्माताओं को दोस्ती और पागलपन को एक कदम आगे ले जाने की उम्मीद है। इस सीन को शूट करने के लिए क्रू मेंबर्स में पहले से ही उत्साह साफ देखा जा सकता है। पठान को दुनिया भर में इतना प्यार मिला है, यह टीम टाइगर 3 के लिए एक बूस्टर शॉट साबित हुआ है!

पठान और टाइगर 3 वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स से संबंधित हैं। फ्रेंचाइजी की शुरुआत कबीर खान निर्देशित एक था टाइगर (2012) से हुई, जिसमें सलमान खान और कैटरीना कैफ ने अभिनय किया था। इसके बाद अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित टाइगर जिंदा है (2017) आई। सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित ऋतिक रोशन–टाइगर श्रॉफ स्टारर वॉर (2019) भी वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स से संबंधित है। पठान और टाइगर 3 के बाद, फ्रेंचाइजी की आगामी फिल्मों में वॉर 2 शामिल है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर, और टाइगर बनाम पठान, जिसमें सलमान खान और शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं।

टाइगर–3 और टाइगर बनाम पठान के मध्य में सलमान खान सम्भवतरू करण जौहर के बैनर की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि मई में टाइगर–3 की शूटिंग पूरी होने के बाद वे करण जौहर की फिल्म के प्री प्रोडक्शन को शुरू करेंगे। कहा तो यह भी जा रहा है कि सलमान खान इसे आगामी वर्ष ईद के मौके पर प्रदर्शित करने की योजना बना सकते हैं। हालांकि इसकी उम्मीद बहुत कम है। सलमान करण जौहर को हाँ कहते हैं उसके बाद 2–3 माह का समय प्री प्रोडक्शन में जाएगा अर्थात् फिल्म का शूट सितम्बर से शुरू होगा। ऐसे में यह उम्मीद बेमानी नजर आती है कि यह फिल्म ईद पर प्रदर्शित होगी।